प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फ़िरोज़ाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्ज़ापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ०प्र० सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 317 | रविवार 09 नवम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## जब खेल तेज चल रहा हो तो थमकर खेलने की कोशिश करो. .. बोली हरमन- फाइनल से पहले सचिन सर ने दी थी सलाह



नयी दिल्ली08 नवम्बर (एजेंसी) विश्व कप फाइनल से पहले हरमनप्रीत कौर को बहुत सलाह मिली लेकिन भारतीय कप्तान के लिये सबसे अहम थी महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की सलाह। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऐतिहासिक फाइनल से पहले महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत को तेंदुलकर ने फोन किया था। हरमनप्रीत ने आईसीसी रिव्यू में कहा ,"मैच से पहले सचिन सर का फोन आया । उन्होंने अपना अनुभव साझा किया और हमे संतुलन बनाये रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जब मैच तेज चल रहा हो तो थमकर खेलने की कोशिश करो क्योंकि अगर तुम भी तेज खेलोगे तो लड़खड़ा जाने का खतरा होगा ।" नवी मुंबई में फाइनल जीते को पांच दिन हो चुके हैं लेकिन हरमनप्रीत अभी भी अचरज में है कि सोलह साल तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के बाद अचानक सब कुछ कैसे बदल गया। उन्होंने कहा," हम जब भी एक दूसरे से मिलते हैं तो कहते हैं विश्व चौम्पियन। यह अलग तरह का अनुभव है। हम इंतजार कर रहे थे कि इस तरह का अनुभव कब होगा।" हरमनप्रीत ने कहा ,' मेरे माता पिता वहां थे। उनके सामने विश्व कप जीतने का पल खास था। बचपन से वे मुझे यह कहते सुनते आये हैं कि मुझे भारत की जर्सी पहननी है, देश के लिये खेलना है, कप्तानी करना है और विश्व कप जीतना है। हरमनप्रीत अब भारत की तीसरी कप्तान बन गई हैं जिन्होंने वनडे वर्ल्ड कप ट्रॉफी उठाई है। उनसे पहले कपिल देव (1983) और महेंद्र सिंह धोनी (2011) ने यह कारनामा किया था। वे पहली भारतीय महिला कप्तान हैं जिन्होंने वर्ल्ड कप जीता है। उन्होंने कहा मैंने अमोल मजूमदार सर से भी कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे हमने कोई बाइलेटरल सीरीज जीत ली हो और अब घर लौट रहे हों। असली असर कुछ महीनों में समझ आएगा। हरमनप्रीत इससे पहले 2020 महिला टी–20 वर्ल्ड कप फाइनल में भी भारत की कप्तान रह चुकी हैं। लेकिन इस बार की जीत, उनके 16 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## बिहार में अपराधी नहीं, विकास की जरूरत : सीएम योगी




पूर्वी/चंपारण 08 नवम्बर (एजेंसी)भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुये कहा कि बिहार की जनता को अपराधी नहीं बल्कि विकास की बयार बहाने वाली सरकार की जरुरत है जिस पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) फिट बैठता है। मोतिहारी में राजग प्रत्याशी प्रमोद कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार ने पहले चरण के मतदान में ही यह संकेत दे दिया है कि अब लालटेन की धुंधली रोशनी नहीं, बल्कि एनडीए की एलईडी लाइट में जगमगाता बिहार चाहिए। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को जब परिणाम आएंगे, तो फिर एक बार एनडीए की सुशासन, विकास और सुरक्षा की सरकार बनने जा रही है। बिहार में अपराधी नहीं, विकास की सरकार चाहिए। उन्होंने कहा कि यह वही धरती है जिसने माँ जानकी को शरण दी, जिसने मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा बनाया और जिसने भारत को स्वतंत्रता की दिशा दिखाई। सत्याग्रह की यह भूमि राष्ट्र रक्षा के लिए शस्त्र के आग्रह से भी कभी पीछे नहीं हटती। उन्होंने कहा कि यह धरती नालंदा की ज्ञानगंगा की धारा रही है, आचार्य चाणक्य, आर्यभट्ट, भगवान बुद्ध और भगवान महावीर जैसी विभूतियों की भूमि रही है। उन्होंने कहा कि फिर भी बिहार साक्षरता में पिछड़ गया, यह पाप कांग्रेस और आरजेडी की सरकारों का है। उन्होंने बिहार की मेधा और प्रतिभा का शोषण किया, अपने स्वार्थ के लिए बिहार को पिछड़ा बनाए रखा। योगी ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में एनडीए की सरकार ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को स्थिरता, सुरक्षा और सुशासन दिया। उन्होंने कहा कि आज बिहार में सड़कों का जाल है, रेल, एयरपोर्ट, इनलैंड वाटरवे और मेट्रो जैसी सुविधाएं हैं। अब यहां आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम, एम्स और मेडिकल कॉलेजों की श्रृंखला खुल रही है। उन्होंने कहा कि निवेश वहीं आता है जहां सुरक्षा होती है। अगर अपराधी जीतेगा तो निवेश भाग जाएगा, सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी और नौजवान फिर पलायन करेगा। बिहार में अपराधी नहीं, विकास की सरकार चाहिए। उन्होंने अपने तीखे अंदाज में कहा हमने उत्तर प्रदेश में बुलडोजर से माफियाओं की छाती रौंदी है। जब बुलडोजर चलता है तो माफिया की हड्डी और पसली एक हो जाती है। यूपी में अब अपराधी पस्त है और नौजवान मस्त है। उन्होंने कहा कि बिहार को भी अपराधियों से मुक्त रखकर सुशासन की राह पर आगे बढ़ाना है। योगी ने कहा कि कांग्रेस और आरजेडी ने भगवान राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न उठाया था। समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोली चलवाई। इन सब के बावजूद रामभक्तों ने कहा था, श्रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगेश और आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भव्य राममंदिर बनकर तैयार है। सीएम योगी ने बताया कि अयोध्या में अब महर्षि वाल्मीकि के नाम पर एयरपोर्ट, निषादराज के नाम पर यात्री विश्रामालय और माता शबरी रसोई स्थापित की गई है। वहीं, राम मंदिर परिसर में जटायु और गिलहरी की प्रतिमाएं भारत की कृतज्ञता का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि जब अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बना, तो सीतामढ़ी में माँ जानकी का मंदिर भी एनडीए सरकार बना रही है। अयोध्या से सीतामढ़ी को जोड़ने वाला राम जानकी मार्ग 6155 करोड़ रुपए से स्वीकृत हो चुका है और काम शुरू हो गया है। अब गोरखपुर से सिलीगुड़ी को जोड़ने वाला एक्सप्रेसवे भी मोतिहारी होते हुए जाएगा, जो आर्थिक कॉरिडोर का काम करेगा। योगी ने कहा कि आज भारत मजबूर नहीं, मजबूत है। जो भारत की सुरक्षा में सेंध लगाएगा, वह अब यमराज की टिकट लेकर जाएगा। मार्च 2026 तक नक्सलवाद और माओवाद की कमर तोड़ने का संकल्प लिया गया है और उनका जहन्नुम जाने का टिकट अब पक्का हो चुका है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों को सम्मान, सुरक्षा और अवसर दिए हैं।

## जम्मू-कश्मीर में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, दर्जनों संदिग्ध हिरासत में




सोपोर 08 नवम्बर (एजेंसी)क्षेत्र में आतंकी नेटवर्क को बेअसर करने के उद्देश्य से एक बड़ी निवारक कार्रवाई में, सोपोर पुलिस ने पाकिस्तान में सीमा पार से सक्रिय आतंकी आकाओं के सहयोगियों और ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के खिलाफ व्यापक कार्रवाई शुरू की है। जारी अभियान के तहत, पुलिस जिला सोपोर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में संदिग्ध ओजीडब्ल्यू और उनके समर्थकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इन व्यक्तियों से पाकिस्तान स्थित आकाओं के साथ उनके संबंधों, वित्तीय माध्यमों और संचार माध्यमों का पता लगाने के लिए गहन पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई सोपोर पुलिस की उस आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने की निरंतर रणनीति का हिस्सा है, जो सक्रिय आतंकवादियों और सीमा पार के आकाओं को धन, रसद और स्थानीय सुविधा प्रदान करता है। कई संदिग्धों पर निवारक निरोध कानूनों के तहत मामला दर्ज कर उन्हें उप–जेल में बंद कर दिया गया है, जबकि अन्य के खिलाफ राष्ट्र–विरोधी गतिविधियों में सहायता या उन्हें बढ़ावा देने से रोकने के लिए सुरक्षा कार्यवाही शुरू की गई है। जिले भर में कई संदिग्ध स्थानों पर तलाशी जारी है, क्योंकि टीमें आतंकवादी संगठनों के स्थानीय समर्थन नेटवर्क की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने के लिए काम कर रही हैं। सोपोर पुलिस ने क्षेत्र में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने या चरमपंथी सामग्री फैलाने की कोशिश कर रहे संभावित स्लीपर सेल, समर्थकों और ऑनलाइन प्रचारकों पर नजर रखने के लिए तकनीकी और मानवीय निगरानी को और बढ़ा दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, चल रही कार्रवाई निवारक प्रकृति की है और इसका उद्देश्य युवाओं को चरमपंथी प्रभाव से बचाना है। यह अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा, जिसमें आतंकवादियों के सहयोगियों और आकाओं के नेटवर्क पर केंद्रित निगरानी रखी जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विदेशी आकाओं के इशारे पर काम करने वाले तत्वों द्वारा शांति और सामान्य स्थिति में खलल न पड़े।

## जज पर जूता फेंकने वाले वकील पहुंचे खजुराहो

### आर्कियोलाजिकल सर्वे पर बोले-हिंदुओं के साथ किया जा रहा दोगला व्यवहार



छतरपुर 08 नवम्बर (एजेंसी)भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने वाले दिल्ली के वकील डॉ. राकेश किशोर कुमार खजुराहो के दौरे पर है। उन्होंने सुबह करीब 10 बजे जवारी मंदिर में प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने आर्कियोलोजिकल सर्वे पर भी आरोप लगाया कि हिंदुओं के साथ दोगला व्यवहार किया जा रहा है। इस दौरान राम राज मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज ऋषि राजेंद्र सिंह नरूका, श्री कृष्ण जन्म भूमि केस मथुरा के मुख्य पक्षकार कौशल किशोर ठाकुर, सनातन धर्म रक्षा पीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर, गाजियाबाद डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती सहित कई साधु–संत और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। जवारी मंदिर के गर्भगृह में स्थित 7 फीट ऊंची भगवान विष्णु की खंडित प्रतिमा के सामने सभी उपस्थित लोग बैठकर प्रार्थना की। साधु–संतों ने पूजा और माल्यार्पण किया। राकेश किशोर ने कहा कि वे मूर्ति की पुनर्स्थापना और अपनी मांगें पूरी होने के बाद ही माल्यार्पण करेंगे। उन्होंने बताया कि वे पहले भी खजुराहो आ चुके हैं और उन्होंने यहां के सभी मंदिरों का भ्रमण किया है। खजुराहो से उनका विशेष लगाव है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वे आमतौर पर दिल्ली से सीधे महोबा और फिर टैक्सी से खजुराहो आते हैं लेकिन इस बार सुरक्षा कारणों से उन्हें फ्लाइट से आना पड़ा। राकेश किशोर ने कहा कि खजुराहो में स्वच्छता अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने यहां इंडियन आर्मी द्वारा एयरबेस निर्माण की योजना पर भी चिंता जताई। उनका कहना था कि सुपरसोनिक विमान उड़ने से मंदिरों और हजारों साल पुरानी मूर्तियों को नुकसान होगा। राकेश किशोर ने कहा, मूर्ति खंडित नहीं होती, मानसिकता खंडित होती है। अगर मूर्ति को पूजा योग्य बनाना है तो उसके शीश को जोड़ दें और बगल में एक छोटी मूर्ति स्थापित करें, जिसकी पूजा हो सके। उन्होंने आर्कियोलोजिकल सर्वे पर भी आरोप लगाया कि हिंदुओं के साथ दोगला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा– आप देखिए भोजपुर मंदिर में शिवलिंग का यही हाल था। शिवलिंग टूटा हुआ था, तो वहां इसी एएसआई ने स्थापना की। दूसरा उदाहरण संभल की मस्जिद का हैं, वह भी एएसआई की देखरेख में है। तो क्या वहां पर पुताई–लिपाई नहीं की जा रही हैं। राम राज मिशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नरूका ने कहा कि मुगलिया सल्तनत में हिंदुओं के अपमान के लिए देवियों की मूर्तियों के स्तन, शीश और अन्य हिस्सों को खंडित किया गया। उन्होंने इसे मानसिकता की हिंसा बताया और हिंदू समुदाय से इसे समझकर विरोध करने का आग्रह किया। राकेश किशोर ने कहा कि 1958 में कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए एक्ट को अब बदलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मूर्तियों का पुनः उद्धार, पुनर्स्थापना और पूजा पाठ पहले किया जाना चाहिए, उसके बाद कानून लागू होना चाहिए। राकेश किशोर ने कहा कि यदि उनकी मांगें इस जन्म में पूरी नहीं हुईं तो वे अगले जन्म में भी इस मुद्दे पर संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदू समुदाय एकजुट होकर अपनी संस्कृति और मंदिरों की सुरक्षा के लिए आवाज उठाए। इस दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारी दीक्षांत चावरे अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने उपस्थित लोगों से हाथ जोड़कर निवेदन किया कि वे मंदिर की सीढ़ियों से हट जाएं, ताकि दर्शन करने आए पर्यटकों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखें, क्योंकि एएसआई का काम केवल मंदिरों और स्मारकों की देखरेख करना है। अधिकारियों ने बताया कि खजुराहो के सभी स्मारक आम पर्यटकों के लिए खुले हैं। लेकिन वहां किसी भी प्रकार की पूजा, अर्चना, ध्यान या योग गतिविधि करना सख्त वर्जित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राकेश किशोर या उनके सहयोगियों ने ऐसी किसी भी गतिविधि के लिए अनुमति नहीं ली थी। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने तय की फैशन की अगली दिशा

लखनऊ 08 नवम्बर (एजेंसी)ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर, जिसे भारत में फैशन की सबसे महत्वपूर्ण आवाज माना जाता है, 2025 में एक बार फिर लौट रहा है। इस बार भी यह टूर फैशन, क्रिएटिविटी और संस्कृति को एक साथ लाकर एक शानदार मंच तैयार करेगा। यह मंच द वन एंड ओनली की थीम पर आधारित होगा, जो आने वाले समय में फैशन की अगली दिशा तय करेगा। ऐसे दौर में जब फैशन ट्रेंड जल्दी बदल जाते हैं, फैशन टूर इस बार अपनी सबसे साहसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह फैशन को आगे ले जाने और फैशनस नेक्स्ट मूव तय करने के मायने को एक नए रूप में पेश कर रहा है। यह सिर्फ एक थीम नहीं है, बल्कि एक साफ घोषणा है कि फैशन का नया अध्याय किसी आम रैंप पर शुरू नहीं होता। यह शुरूआत ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के मंच से होती है। पर्नाड रिकर्ड इंडिया की सीएमओ डेबाश्री दासगुप्ता ने कहा ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर भारतीय फैशन का सबसे प्रतिष्ठित मंच रहा है। हमारी द वन एंड ओनली सोच के साथ हम भारत के बेहतरीन डिजाइनरों और एफडीसीआई के सहयोग से फैशन और स्टाइल के विकास में नए मापदंड स्थापित करते आ रहे हैं। फैशनस नेक्स्ट मूव के जरिए हम फैशन के भविष्य को साहसिक रूप से सामने ला रहे हैं और यह दिखा रहे हैं कि स्टाइल के साथ आगे बढ़ना और एक ऐसा भविष्य बनाना क्या होता है जहाँ क्रिएटिविटी, संस्कृति और इनोवेशन एक साथ आते हैं। हम ऐसा भविष्यवादी दृष्टिकोण तैयार कर रहे हैं जो आने वाली नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा और उन्हें हमारे आइकॉनिक और प्रोग्रेसिव संसार से जोड़ेगा। एफडीसीआई के चेयरमैन सुनील सेठी ने कहा एफडीसीआई को ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के साथ सहयोग करके बेहद खुशी है। यह साझेदारी भारत की फैशन इंडस्ट्री की दो मजबूत ताकतों को एक साथ लाती है, जो फैशन के भविष्य को आकार देने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाती है। इस बार का एडिशन विविध डिजाइन दृष्टिकोणों को एक साथ पेश करता है, जो रचनात्मकता और संस्कृति का उत्सव मनाता है ।

## नाल्को का दूसरी तिमाही में मुनाफा 37: बढ़कर 1,430 करोड़ रुपए

नयी दिल्ली 08 नवम्बर (एजेंसी)सार्वजनिक क्षेत्र की नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) का एकीकृत लाभ 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही में 36.7 प्रतिशत बढ़कर 1,429.94 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 1,045.97 करोड़ रुपए का एकीकृत मुनाफा कमाया था। जुलाई–सितंबर की अवधि के दौरान एकीकृत परिचालन राजस्व बढ़कर 4,292.34 करोड़ रुपए हो गया जो एक साल पहले इसी अवधि में 4,001.48 करोड़ रुपए था।

## पीएम मोदी ने आरजेडी पर बोला तीखा हमला

### कहा, नहीं चाहिए कट्टा सरकार, फिर एक बार एनडीए सरकार



बेतिया/सीतामढ़ी 08 नवम्बर (एजेंसी)प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि बिहार में लोग राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत विपक्ष को वोट नहीं दे रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि अगर वे सत्ता में आ गए तो उनकी सरकार "लोगों के सिर पर कट्टा रख देगी और उन्हें हाथ ऊपर करने का आदेश देगी। प्रधानमंत्री ने राज्य के सीतामढ़ी जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बेहतर शिक्षा और खेल जैसे क्षेत्रों में विकास के अलावा स्टार्ट–अप उद्यमों को भी बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता स्पष्ट रूप से कह रही है– "नहीं चाहिए कट्टा सरकार, फिर एक बार राजग सरकार।"पीएम मोदी ने कहा, "मैंने अपना प्रचार अभियान भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की धरती से शुरू किया था और अब उसका समापन चंपारण की ऐतिहासिक भूमि पर कर रहा हूं। हालांकि प्रचार कल तक जारी रहेगा, लेकिन यह मेरी अंतिम जनसभा है।" उन्होंने कहा कि यह चुनाव नेताओं का नहीं, बल्कि बिहार की जनता का चुनाव है। उन्होंने कहा, "मैं चाहता हूं कि राजग हर बूथ पर विजयी हो। एक भी बूथ पर हमें हार का सामना नहीं करना चाहिए।" पीएम मोदी ने पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा, "आप लोगों ने मतदान का नया इतिहास रचा है। बिहार ने साबित किया है कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता के हाथ में है।" चंपारण की धरती को नमन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "यह वही भूमि है, जिसने गांधी जी को 'महात्मा' का दर्जा दिया था। इसी धरती पर आज बिहार विकास के नए अध्याय की शुरुआत कर रहा है।" उन्होंने कहा, "बिहार जल्द खाद्य प्रसंस्करण का 'पावरहाउस' और वस्त्र उद्योग (टेक्सटाइल हब) का केंद्र बनेगा। बिहार विकसित भारत का प्रतीक राज्य बनने जा रहा है।" राज्य में पूर्ववर्ती राजद के शासनकाल को याद करते हुए मोदी ने कहा कि बेतिया ने 'जंगलराज' के सबसे बुरे दौर को देखा है। उन्होंने कहा, "कट्टा और रंगदारी की राजनीति ने बिहार को बर्बाद कर दिया था। हमें उस दौर से बिहार को बचाना है।" प्रधानमंत्री ने कहा, "मैंने हाल में एक वीडियो देखा, जिसमें एक बच्चा राजद की रैली में कह रहा था कि वह बड़ा होकर 'रंगदार' बनना चाहता है। यह बिहार की युवा पीढ़ी के साथ अन्याय है। राजद और कांग्रेस के लोग बच्चों से "रंगदार" बनने के नारे लगवा रहे हैं।"उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के शासनकाल में महंगाई चरम पर थी। उन्होंने कहा कि "उस वक्त हर घर में 'महंगाई डायन खाए जात है" जैसे गीत गूंजते थे। मोदी ने कहा आज हम गरीबों की जरूरतों को समझते हुए मोबाइल फोन और इंटरनेट जैसी सुविधाओं को सस्ता बना चुके हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि हाल के वर्षों में बिहार में मोटरसाइकिल की बिक्री तीन गुना बढ़ी है,

## राजनाथ सिंह का राहुल गांधी पर निशाना: पिछड़ों की चिंता है तो खुद LoP क्यों बने?

*केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों को निराधार बताते हुए उन्हें चुनाव आयोग में लिखित शिकायत दर्ज कराने की चुनौती दी। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सफल राजनीतिक करियर के लिए झूठ बोलना जरूरी है और महागठबंधन के अव्यावहारिक चुनावी वादों पर भी निशाना साधा।*



नई दिल्ली 08 नवम्बर (एजेंसी)केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर वोट चोरी के आरोपों को लेकर तीखा हमला बोला और उन पर बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं को गुमराह करने का आरोप लगाया। रोहतास के दिनारा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, सिंह ने राहुल गांधी के मतदाता धोखाधड़ी के दावों पर सवाल उठाया और उनसे आग्रह किया कि अगर उन्हें सचमुच लगता है कि वोट चुराए जा रहे हैं तो उन्हें चुनाव आयोग में लिखित शिकायत दर्ज करानी चाहिए।सिंह ने कहा कि अगर राहुल गांधी को लगता है कि बिहार के लोगों के वोट चुराए जा रहे हैं तो वह चुनाव आयोग में लिखित शिकायत क्यों नहीं दर्ज कराते? मैं उनसे पूछना चाहता हूँ कि क्या सच बोलकर राजनीति नहीं की जा सकती? क्या सफल राजनीतिक करियर के लिए झूठ बोलना जरूरी है? बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने 2024 के हरियाणा विधानसभा चुनावों में ष्बड़े पैमाने पर मतदाता धोखाधड़ीष का आरोप लगाया। उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनावों से पहले चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची का हवाला दिया और आरोप लगाया कि राज्य में लगभग 25 लाख फर्जी वोट हैं। उन्होंने कहा कि एक भ्रष्ट मतदाता सूची लोकतंत्र को कमजोर करती है।राहुल गांधी पर अपनी पार्टी के षकिसी भी पिछड़े वर्ग के नेता को लोकसभा में विपक्ष का नेता (एलओपी) बनने का मौका न देनेष का आरोप लगाते हुए, सिंह ने जोर देकर कहा कि एनडीए सभी को समान और पर्याप्त प्रतिनिधित्व देता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर राहुल गांधी पिछड़े वर्गों और दलितों के बारे में इतने चिंतित हैं, तो वे खुद विपक्ष के नेता क्यों बने? उन्होंने अपनी पार्टी के किसी पिछड़े वर्ग के नेता को मौका क्यों नहीं दिया? और फिर वे सामाजिक न्याय की वकालत करते हैं... एनडीए सभी को समान और पर्याप्त प्रतिनिधित्व देता है।

# सम्पादकीय

## वकील तोमर-येरुशलमी का शर्मनाक खुलासा

इजरायली जेलों में बंद फिलिस्तीनियों के साथ जहां एक तरफ उन्हें तरह–तरह की यातानाएं दी गई, वहीं उनके साथ अमानवीय व्यवहार तक किया गया और इस बात का खुलासा किसी और ने नहीं बल्कि इजरायल की सेना की टॉप वकील तोमर–येरुशलमी ने जब किया तो इसके बाद अब वे इजरायल सरकार के निशाने पर आ गई है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं वकील तोमर–येरुशलमी के इस शमर्नाक खुलासे से पहले बात इजरायल की सेना के एक खुलासे की। जिसके बारे में जानकार कह रहे हैं कि यह खुलासा इजरायल की सेना की एक मनगढ़त कहानी से ज्यादा और कुछ नहीं है। विदित हो कि एक चौंकाने वाला दावा करते हुए इजरायल की सेना, आईडीएफ ने उन खुफिया डॉक्यूमेंट को सार्वजनिक कर दिया है। कि इसमें आरोप लगाया गया है कि गाजा में काम करने वाले अल जजीरा के कई पत्रकार सीधे तौर पर हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद से जुड़े थे। आईडीएफ का दावा है कि इन डॉक्यूमेंट में पत्रकारों के रिकॉर्ड, उनको दी जाने वाली ट्रेनिंग कोर्स की लिस्ट, फोन डिक्शनरी और उन्हें मिलने वाली सैलरी के डॉक्यूमेंट शामिल हैं। इनके आधार पर आईडीएफ ने दावा किया है कि पिछले हते तक मेजर जनरल यिफत तोमर–येरुशलमी इजरायल की सेना की टॉप वकील थीं। लेकिन एक हते के अंदर वो अचानक अपना इस्तीफा देती हैं, कुछ समय के लिए गायब हो जाती हैं और उन्हें खोजकर अब जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया है... इजरायल में कुछ ऐसा हुआ है जो किसी फिल्म की कहानी सी लगती है। पिछले हते तोमर–येरुशलमी ने एक बड़ी बात कबूली थी. उन्होंने यह स्वीकार किया था कि उन्होंने ही एक कुख्यात इजरायली सैन्य जेल में एक फिलिस्तीनी के साथ हुए गंभीर दुर्व्यवहार के सबूत वाले वीडियो की लीक को मंजूरी दी थी। यह वीडियो पिछले साल लीक हुआ था और इसके सामने आने के बाद यह आरोप लगे थे कि इजरायली सैनिक एक फिलिस्तीनी बंदी का यौन शोषण कर रहे हैं। तोमर–येरुशालमी के अनुसार वीडियो लीक करने के पीछे उनका उद्देश्य उन आरोपों की गंभीरता को उजागर करना था जिनकी जांच उनके कार्यालय द्वारा की जा रही थी। लेकिन वीडियो लीक होने के बाद इजरायल के कट्टरपंथी राजनीतिक नेताओं की तीखी आलोचना शुरू हो गई। इसके बाद पिछले सप्ताह दबाव में तोमर–येरुशलमी ने इस्तीफा दे दिया।


नफीस जाफरी

मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार तोमर–येरूशलमी ने अपने परिवार के लिए एक सीक्रेट नोट छोड़ा और अपनी कार एक समुद्र तट के पास छोड़ दी। इससे बाद यह आशंका पैदा हुई कि उन्होंने अपनी जान ले ली है। फिर उनकी खोज शुरू की गई, जिसमें सेना के ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। वह रविवार रात समुद्र तट पर जीवित पाई गईं। उन्हें गिरतार कर लिया गया। वहीं एक अदालत की सुनवाई में, जज ने कहा कि धोखाधड़ी, विश्वास का उल्लंघन और न्याय में बाधा डालने के संदेह में तोमर–येरुशलमी की हिरासत बढ़ा दी जाएगी। उन्हें अभी मध्य इजरायल की एक महिला जेल में रखा जा रहा है। इजरायली मीडिया ने बताया कि वीडियो लीक जांच के सिलसिले में पूर्व मुख्य सैन्य अभियोजक (वकील) कर्नल मटन सोलोमेश को भी गिरतार किया गया था।

## राजद-कांग्रेस का गठबंधन टूटते टूटते बचा

दिल्ली से लेकर पटना तक की मीडिया में चर्चा है कि बिहार में राजद के साथ कांग्रेस का गठबंधन टूटते टूटते बचा और वह भी तब, जब सोनिया गांधी ने दखल दिया और राहुल गांधी सक्रिय हुए। कहा जा रहा है कि राहुल देश के किसी भी हिस्से में रहे लेकिन वे पटना में नेताओं के लगातार संपर्क में थे और हर घटनाक्रम की समीक्षा कर रहे थे। अंत में सोनिया गांधी ने अशोक गहलोत को पटना भेजा। उनके बाद अविनाश पांडे भी पटना भेजे गए। वे पटना में समन्वय देखेंगे। यह आम धारणा है कि अशोक गहलोत पटना गए तो उन्होंने जादूगरी दिखाई और गठबंधन को टूटने से बचा लिया। उन्होंने लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव से बातचीत की और उसके बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई, जिसमें तेजस्वी यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री का दावेदार और मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री का दावेदार घोषित किया गया।अब सवाल है कि क्या कांग्रेस तेजस्वी को चेहरा घोषित करने के बदले जो चाहती थी वह उसको मिल गया? इस सवाल का जवाब है कि कांग्रेस को तेजस्वी का नाम घोषित करने के बदले में कुछ नहीं मिला। कह सकते हैं कि 'न खुदा मिला न विसाले सनम'। बेइज्जती अलग से हुई। कांग्रेस को घुटने टेक कर नौ सीटें छोडनी पड़ी, जिसमें जीती हुई सीट भी है। क्वालिटी सीट के नाम पर कोई अच्छी या नई सीट नहीं मिली यानी पुरानी ही सीटें लडनी पड़ रही है, जिनमें पिछली बार स्ट्राइक रेट 27 फीसदी का था। कांग्रेस को राजद के खिलाफ खड़े किए गए अपने उम्मीदवारों को नाक रगड़ कर वापस लेना पड़ा और तेजस्वी के नाम की घोषणा भी करनी पड़ी। अपमान अलग से यह हुआ कि लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव ने कांग्रेस के उम्मीदवारों के खिलाफ जो उम्मीदवार खड़े किए थे उनमें से किसी का नाम वापस नहीं हुआ। कांग्रेस जिन 61 सीटों पर चुनाव लड़ रही है उन्हीं में से 10 सीटों पर दोस्ताना लड़ाई हो रही है। राजद की 143 में से सिर्फ दो सीट पर दोस्ताना लड़ाई है। लेकिन वह भी कांग्रेस के साथ नहीं वीआईपी के साथ। उसने कांग्रेस से उम्मीदवार वापस कराए, जबकि उसके उम्मीदवार कांग्रेस के खिलाफ लड़ रहे हैं। ऊपर से सीपीआई के साथ संबंध अलग बिगड़े। बिहार का लेनिनग्राद कहे जाने वाले बेगूसराय में सीपीआई की मजबूत बछवाड़ा सीट पर उम्मीदवार देकर कांग्रेस ने उसे ऐसा नाराज किया कि उसने कांग्रेस की जीती हुई सीट पर भी अपना उम्मीदवार उतार दिया और तमाम मान मनौव्वल के बाद भी नाम वापस नहीं लिया।

सोचें, जब लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव की हर बात मान ही लेनी थी तो अशोक गहलोत को भेजने की क्या जरुरत थी? वह काम तो कोई भी कर सकता था। मोलभाव या दबाव की राजनीति का मतलब होता है कि दोनों पक्ष कुछ कुछ समझौता करें। लेकिन यहां तो सारे समझौते कांग्रेस को करने पड़े! राजद ने कोई समझौता नहीं किया है। वह पिछली बार 144 सीटों पर लड़ी थी और इस बार 143 पर लड़ रही है। सीपीआई माले पिछली बार 19 पर लड़ी थी और इस बार 20 पर लड़ रही है। सीपीआई पिछली बार छह पर लड़ी थी तो इस बार नौ पर लड़ रही और सीपीएम पिछली बार चार पर लड़ी तो इस बार छह पर लड़ रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पिछली बार 70 पर लड़ी थी और इस बार 61 पर लड़ रही है और उसमें भी 10 सीटों पर दोस्ताना लड़ाई है। यानी चौबे जी गए थे छब्बे जी बनने और दुबे जी बन कर आ गए।

असल में बिहार में कांग्रेस का कोई संगठन पिछले कई बरसों से नहीं है। पिछले सात साल में तो तीन अध्यक्ष और तीन प्रभारी बदले हैं लेकिन कांग्रेस का प्रदेश संगठन नहीं बना। कांग्रेस के पास कोई जातीय आधार नहीं है और न संगठन की मजबूती है। इस वास्तविकता को समझे बगैर राहुल गांधी ने बिहार में कांग्रेस के पुनरूत्थान का सपना पाला। सोशल मीडिया से भरी गई हवा से फुल कर कुप्पा हुए राहुल गांधी ने कांग्रेस के वेतनभोगी कर्मचारी कृष्णा अल्लावरू को बिहार का प्रभारी बना कर भेजा। राहुल गांधी की ओर से इम्पावर्ड किए गए अल्लावारू ने पटना पहुंचते ही टकराव की राजनीति शुरू कर दी।

# बंपर वोटिंग आखिर किस ओर कर रही है इशारा?


गुलफिशा खान

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण की वोटिंग विगत गुरुवार को संपन्न हुई। पहले चरण में राज्य की 121 सीटों पर मतदान हुआ। इस बार बिहार के लोगों ने बंपर वोटिंग की है। निर्वाचन आयोग के आंकड़े के अनुसार पहले चरण में 66 प्रतिशत वोटिंग हुई। अभी राज्य में दूसरे चरण की वोटिंग होनी बाकी है। दूसरे चरण में राज्य की 122 सीटों पर 11 नवंबर को मतदान होगा। लेकिन पहले चरण की वोटिंग के आंकड़े को देखें यह साफ है कि बिहार में अभी तक की सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है। इससे पहले बिहार में सबसे अधिक वोटिंग का आंकड़ा साल 2000 के चुनाव में सामने आया था। तब पूरे बिहार में सर्वाधिक 62.57 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। पहले चरण में जिस तरह बंपर वोटिंग हुई है, उससे यह उम्मीद है कि दूसरे चरण में भी इसी तरह जमकर वोटिंग होगी। अगर ऐसा हुआ तो बिहार से अभी तक की लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती सामने आएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव सहित कई प्रमुख नेताओं ने पहले चरण में अपने–अपने मतदान केंद्रों पर वोट डाला। साथ ही नेताओं ने अपनी–अपनी जीत का दावा किया है।

बंपर वोटिंग की वजह क्या है और यह किसके लिए खुशखबरी लेकर आ रहा है? आमतौर पर ज्यादा वोटिंग का मतलब सत्ता विरोधी लहर से जोड़ा जाता रहा है, लेकिन हर बार नहीं। इस बार बिहार में मामला भी थोड़ा अलग है। क्या 10 हजार वाली स्कीम काम कर रही है और महिलाएं जोश के साथ पोलिंग बूथ तक पहुंच रही हैं? अभी तक इस बढ़े मतदान प्रतिशत के तीन ऐंगल हैं। क्या 10 हजार स्कीम ने एडीए की कोर महिला वोटरों में जोश भरा है और वे पोलिंग बूथ तक पहुंच रही हैं? क्या बढ़ा हुआ मतदान प्रतिशत एसआईआर में 65 लाख वोट कटने का असर है? चुनाव आयोग ने विपक्ष के आरोपों के बाद इस बार वोटिंग पर्सेंटेज का डेटा रियल टाइम किया है। पहले मतदान प्रतिशत बाद में बढ़ जाता था. तो क्या असर इसका है?

चुनाव विश्लेषक अमिताभ तिवारी के मुताबिक 10 हजार की स्कीम एनडीए की कोर महिला वोटरों में जोश भर सकता है। वह कहते हैं कि बिहार में प्रति व्यक्ति आय करीब साढ़े पांच हजार के करीब है। सरकार ने डेढ़ करोड़ महिलाओं के हाथ में 10 हजार रुपये दे दिए हैं। यह बिहार की महिला वोटरों का करीब 40 फीसदी है। डेढ़ करोड़ महिला वोटरों को 10 हजार देने का मतलब है कि असर साढ़े चार करोड़ (प्रति परिवार चार सदस्य मानें तो) वोटरों पर पड़ेगा। तिवारी के मुताबिक एनडीए का कोर वोट ब्लॉक उसके साथ है। वह चुनाव में उसके लिए वोट करता ही है। लेकिन यह स्कीम कोर वोट ग्रुप में वोटिंग के लिएजोश भरेगा। पिछले चुनाव में 167 सीटों पर महिलाओं ने बंपर वोटिंग की थी. इसमें से 99 सीटों पर एनडीए जीती थी। जहां पुरुषों के बंपर वोट पड़े थे, वहां एनडीए उम्मीदवार पीछे थे. ऐसी 26–27 सीटें ही एनडीए के खाते में आई थीं।





वरिष्ठ चुनावी विशेषज्ञ संजीव श्रीवास्तव महिलाओं को 10 हजार वाली स्कीम के इम्पैक्ट पर कहते हैं कि एनडीए को इसका चुनावी लाभ मिल रहा है। इसका जमीन पर असर दिख रहा है। तेजस्वी और प्रियंका इसी स्कीम पर अटैक कर रहे हैं। यह दिखाता है कि विपक्षी खेमे में बचैनी है। महिलाओं के बीच नीतीश कुमार की वैसे भी पुरानी पैठ रही है। वह कहते हैं कि नीतीश के पिछले कार्यकाल पर नजर डालें, तो उनके प्रति महिलाओं के इस रुझान का पैटर्न नजर आता है। 2005 के 2010 के बीच में जब नीतीश कुमार के हाथ में पहली बार बिहार की कमान आई तो उन्होंने साइकिलें बांटीं. उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था को दुरुस्त किया. शराबबंदी से महिलाओं के बीच उनकी लोकप्रियता बढ़ी. अगर बिहार के संदर्भ में देखें तो नीतीश कुमार की लोकप्रियता महिला वोटरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी ज्यादा नजर आएगी। दूसरे राज्यों में यह नजर नहीं आता है। वरिष्ठ पत्रकार और चुनावी एक्सपर्ट अजित झा के मुताबिक बिहार चुनाव में 10 हजार की स्कीम का बड़ा इम्पैक्ट दिख सकता है। इसका असर कुछ वैसा ही हो सकता है जैसा प्रध ाानमंत्री न्रेंद मोदी के किसानों के लिए छह हजार की स्कीम का दिखा था। तब सरकार के इस कदम ने किसान आंदोलन का उबाल ठंडा कर दिया था। नीतीश सरकार ने महिलाओं पर अलग अलग स्कीमों के जरिए जमकर खर्च किया है। शराबबंदी बड़ा फैसला था। महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने में सरकार सफल रही। ऐसे में 10 हजार सोने पर सुहागा जैसा है। वैसे भी एक सर्वे की मानें तो महिला वोटरों के मामले में नीतीश को तेजस्वी पर 32 पर्सेंट की बढ़त हासिल है।वहीं, वरिष्ठ पत्रकार विजय त्रिवेदी ने बंपर वोटिंग के पीछे तीन मुख्य कारण बताए हैं–पहला कारण है एसआईआर से लोगों की उत्सुकता बढ़ी, जिससे वे मतदान के लिए निकले। दूसरा कारण है कि एसआईआर से वोटों की संख्या कम हुई, जिसके कारण जाहिर है कि वोटिंग प्रतिशत बढ़ गया। तीसरा कारण– प्रशांत किशोर का फैक्टर है उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर का फैक्टर भी हो सकता है। यह अलग बात है कि उनके खाते में क्या आता है, लेकिन उन्होंने कितने वोटरों को खींचा है, यह भी देखने वाली बात है। विजय त्रिवेदी ने कुछ दिलचस्प आंकड़े भी सामने रखे। उन्होंने कहा, आरजेडी के असर वाली सीटों पर वोटों का इजाफा हुआ है। लेकिन क्या नीतीश कुमार के साथ खड़ी महिला वोटर बूथ तक पहुंची हैं? यह एक महत्वपूर्ण सवाल है। भाजपा के असर वाली सीटों पर वोट उतना नहीं बढ़ा है। यह आंकड़ा भी दिलचस्प है। त्रिवेदी ने कहा कि अक्सर बढ़ा हुआ मतदान बदलाव के लिए जाना जाता है, लेकिन कई बार वह सत्ता के पक्ष में भी जाता है।

# जेएनयू छात्र संघ का चुनाव परिणाम-फिर छाया ''लाल'' रंग


शबाब हुसैन

अभी बीते दिनों की ही बात है कि जब देश की राजधानी दिल्ली स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय सहित देश के दूसरे अन्य राज्यों में के विश्वविद्यालयों के हो रहे छात्र संघों के चुनावों में आरएसएस से संबंद्ध रहने वाली अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के उम्मीदवार लगातार चुनाव जीत कर अपना परचम लहरा रहे थे लेकिन वहीं दूसरी ओर देश की ही राजधानी नई दिल्ली स्थित देश के जाने माने विश्वविद्यालय जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनसू) के छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के उम्मीदवारों को लेट यूनाइटेड के उम्मीदवारों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

मालूम हो कि देश की राजधानी दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनसू) के छात्रसंघ चुनाव में फिर से लाल सलाम छा गया है। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव 2025 में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और महासचिव चारों सीटों पर लेट यूनाइटेड ने कब्जा जमाया है। अध्यक्ष पद पर अदिति मिश्रा, उपाध्यक्ष पद पर के गोपिका, महासचिव पद पर सुनील यादव तो संयुक्त सचिव पद पर दानिश अली ने जीत हासिल की है। ये चारों लेट यूनाइटेड के उम्मीदवार हैं। सभी चारों सीटों पर दूसरे नंबर पर आरएसएस से संबंद्ध रहने वाली अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के उम्मीदवार रहे। प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्र संघ के चुनाव में अखिल भारतीय विधार्थी परिषद की यह करारी हार न सिर्फ अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के लिए बल्कि भाजपा और आरएसएस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं हैं। अब बात जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्र संघ के चुनाव की तो जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर लेट की अदिति मिश्रा को जीत मिली है। अध्यक्ष पद पर अदिति के सामने अखिल भारतीय विधार्थी परिषद से विकास पटेल सामने थे। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में सभी वोटों की गिनती के बाद अध्यक्ष पद अदिति मिश्रा को सबसे ज्यादा 1937 वोट मिले। अदिति मिश्रा ने अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के विकास पटेल को 449 वोटों के अंतर से हराया।



उपाध्यक्ष पद पर लेट यूनाइटेड की के गोपिका को 3101 मत मिले। जबकि महासचिव पद पर लेट के सुनील यादव को सबसे अधिक 2002 वोट मिले। संयुक्त सचिव पद पर दानिश अली को 2083 मत मिले। वहीं जेएनयू छात्रसंघ चुनाव के उपाध्यक्ष पद पर लेट की के गोपिका ने जीत हासिल की है। के गोपिका को 3101 मत मिले। यहां अखिल भारतीय विधार्थी परिषद की तान्या कुमारी दूसरे नंबर पर रहीं। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में महासचिव पद पर लेट के सुनील यादव को जीत मिली. यहां अभाविप की राजेश्वत कांत दुबे दूसरे नंबर रहे। वहीं जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में संयुक्त सचिव पद पर लेट के दानिश अली को जीत मिली है। संयुक्त सचिव पद के लिए दानिश की टक्कर अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के अनुज दमारा से थी।लेट पार्टी की ओर से अध्यक्ष पद उम्मीदवार अदिति मिश्रा की अगर बात करें तो वे यूपी से ताल्लुक रखती हैं। और अदिति मिश्रा वाराणसी जिले से हैं। अदिति ऑल इंडिया स्टूडेंट्स यूनियन कार्यकर्ता के तौर पर लेट यूनिटी पैनल से जेएनयू चुनाव में अध्यक्ष पद पर मैदान में हैं। अदिति मिश्रा ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातक किया। अब वो जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर कंपैरेटिव पॉलिटिक्स एंड पॉलिटिकल थ्योरी में पीएडी कर रही हैं। अदिति के तौर पर कैंपस में छात्रों के बीच इनकी लोकप्रियता देखकर वामदलों ने इनको अध्यक्ष पद पर साझा उम्मीदवार बनाया है। वाम दल में [illegible] और [illegible] शामिल है। अदिति मिश्रा [illegible]। छात्र संगठन में कई सालों से काम कर रही हैं। बनारस से स्कूली पढ़ाई के बाद उन्होंने जेएनयू दिल्ली का रुख किया। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में सितंबर 2017 में विरोध प्रदर्शन के दौरान अदिति ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और महिला हॉस्टल की कर्यू टाइमिंग को लेकर हो रहे भेदभाव का विरोध किया। वर्ष पांडिचेरी यूनिवर्सिटी में 2018 में अदिति ने वाइस चांसलर ऑफिस का घेराव में हिस्सा लिया था। वर्ष 2019 में जब विश्वविद्यालय प्रशासन ने तमाम पाठ्यक्रमों में ट्यूशन फीस बढ़ा दी तो बड़ा आंदोलन हुआ। जैसा कि उल्लेखनीय है कि अदिति अभी जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में लैंगिक हिंसा विषय पर पीएचडी कर रही हैं। पीएचडी की सेकेंड ईयर छात्रा अदिति मिश्रा को जेएनयू में आंतरिक शिकायत कमेटी में चुना गया और जेएनयू छात्र संघ की शाखा के प्रति इसे जवाबदेह और जिम्मेदार बनाया। खासकर यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों को उन्होंने जोर–शोर से उठाया। पहले इस कमेटी में तीन सीटों में एक सीट पुरुष के लिए आरक्षित थी। लेकिन अब इसमें लैंगिक भेदभाव खत्म कर दिया गया है।

# नक्सलियों को आयी सद्बुद्धि

nश की कानून–व्यवस्था से बगावत करने और समानांतर अपनी सरकार चलाने का मिथ्याभास करने वाले नक्सलियों को गत 7 नवम्बर को सद्बुद्धि आ गयी और छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सात लोगों ने समर्पण किया। अब देश भर में नक्सलवाद सिमट कर छत्तीसगढ़ में ही रह गया है। राज्य के कुछ जिले ही अब नक्सलियों के ज्यादा प्रभाव में हैं। समर्पण करने वाली 4 महिला नक्सली भी हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों को खत्म करने अथवा उनको समर्पण कराने की समय सीमा तय कर दी है। इसलिए समर्पण करने वाले सरकार की सहानुभूति पाएंगे और उनके बच्चों का भविष्य भी उज्जवल होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि अब बाकी बचे नक्सली भी खून–खराबे का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यध ाारा में शामिल जाएंगे। यही उनके सर्वांग हित में है। छत्तीसगढ़ की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति काफी अच्छी मानी जा रही है और नक्सलियों को आत्म समर्पण की प्रेरणा उससे भी मिली है।

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सात नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने सरेंडर किया है। इन नक्सलियों पर कुल 37 लाख रुपये का इनाम भी घोषित था। पुलिस अध िाकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में चार महिला नक्सली समेत सात नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इनकी पहचान– डिविजनल कमेटी सदस्य सुनील उर्फ जगतार सिंह, सुनील की पत्नी और उदंती एरिया कमेटी की सचिव अरीना टेकाम उर्फ सुगरो, उदंती एरिया कमेटी की डिप्टी कमांडर विद्या उर्फ जमली, एरिया कमेटी सदस्य लुदरो उर्फ अनिल, एरिया कमेटी सदस्य नंदनी, एरिया कमेटी सदस्य कांति और मल्लेश के रूप में की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुनील और अरीना पर आठ–आठ लाख रूपए का इनाम है। वहीं विद्या, लुदरो, नंदनी और कांति पर पांच–पांच लाख रूपए का इनाम है तथा मल्लेश पर एक लाख रूपए का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने छह हथियारों के साथ सरेंडर किया है। इन लोगों के पास इंसास और एसएलआर राइफल भी थी। उन्होंने बताया कि नक्सली सुनील उर्फ जगतार सिंह हरियाणा के कुरुक्षेत्र का निवासी है। वह जनवरी 2004 में यमुनानगर (हरियाणा) में माओवादियों द्वारा संचालित शिवालिक जनसंघर्ष मंच से जुड़ा। इस मंच में कार्य करने के दौरान शहरी नेटवर्क से जुडे बड़े नक्सली नेता लंकापापारेड्डी और सुब्रमण्यम के साथ दिल्ली क्षेत्र में मुलाकात कर इनके दिशा–निर्देश में कार्य करने लगा।

अधिकारियों ने बताया कि सुनील का दिसंबर 2015 में नक्सल संगठन के शहरी नेटवर्क और मैनपुर–नुआपाडा डिवीजन में सक्रिय रहे मनदीप से सोलन (हिमाचल प्रदेश) में संपर्क हुआ और मनदीप के साथ नुआपाडा (ओडिशा) के बोडेन के जंगल में आया। वहां केंद्रीय समिति सदस्य संग्राम उर्फ मुरली से मुलाकात कर नक्सल संगठन में भर्ती हुआ और उन्हीं के साथ गरियाबंद (छत्तीसगढ़)–नुआपाडा (ओडिशा) के सीमावर्ती क्षेत्र में कार्य करने लगा। बाद में इसने नक्सली अरीना से विवाह कर लिया। उन्होंने बताया कि नक्सली अरीना और कांति कांकेर जिले की, विद्या बीजापुर जिले की, लुदरो दंतेवाड़ा जिले का तथा नंदनी और मल्लेश सुकमा जिले के निवासी हैं। अधिकारियों ने बताया कि सरेंडर करने वाले नक्सलियों के खिलाफ पुलिस दल पर हमला, बारूदी सुरंग में विस्फोट, वाहनों में आगजनी करने समेत अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने माओवादियों की खोखली हो चुकी विचारधारा और जंगल की परेशानियों से तंग आकर तथा शासन की पुनर्वास नीति और आत्मसमर्पित साथियों के खुशहाल जीवन से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों को राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा।

पिछले कुछ महीनों में देश के कई हिस्सों छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र और ओडिशा में नक्सलियों के हथियार डालकर समर्पण करने की खबरें आ रही हैं। गत 26 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के कांकेर में 21 माओवादियों ने हथियार डाल दिए और 17 अक्टूबर को 9.18 करोड़ का इनामी नक्सलवादी सेंट्रल कमेटी मेंबर रुपेश उर्फ सतीश ने समर्पण किया। इसी अक्टूबर महीने में ही 300 से ज्यादा नक्सलवादी पुलिस के सामने हथियार रखकर समर्पण कर चुके हैं। आखिर कोई वजह तो है जो इतनी बड़ी तादाद में ये हथियार डालकर मुख्यधारा में वापसी कर रहे हैं। पहला कारण है केंद्र की एनडीए सरकार ने दावा किया है कि 31 मार्च 2026 को नक्सलवाद को खत्म कर देगी। इसी क्रम में देशभर में नक्सल गतिविधियों में कमी आने के संकेत मिले हैं। छत्तीसगढ़ नक्सल से ज्यादा प्रभावित राज्य है। वहां इस समय लगातार नक्सलियों के समर्पण की खबरें आ रही हैं। नक्सलवाद अब देश में धीमा पड़ रहा है। नक्सलवादी मुख्यधारा में लौट रहे हैं। देश में नक्सल आंदोलन की नींव 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से पड़ी थी। उस वक्त इसका नारा था "जमीन उसी की जो जोते।" लेकिन अब 2020 के दशक में नक्सली इलाकों में जमीन, शिक्षा और रोजगार की हकीकत काफी बदल चुकी है। जिन आदिवासी इलाकों में कभी नक्सलियों का प्रभाव था, वहां अब स्कूल, मोबाइल नेटवर्क, सड़कें और सरकारी योजनाएं पहुंच चुकी हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि अब युवा आदिवासी "लाल विचारधारा" से ज्यादा मोबाइल, मोटरसाइकिल और मॉल की दुनिया में जीना चाहते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो, माओवाद अब युवाओं के सपनों से मेल नहीं खाता। इस विचारधारात्मक कमजोरी ने नक्सल संगठनों की रीढ़ तोड़ दी है।

पहले जो "क्रांति" का सपना था, अब वो जीवन सुधार की चाहत में बदल गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2010 के बाद से नक्सल हिंसा के मामलों में करीब 80 फीसद की कमी आई है। अब केवल 8–9 जिलों में ही नक्सली सक्रिय हैं, जबकि एक समय यह संख्या 90 से अधिक जिलों तक फैली हुई थी। सरकार का दावा है कि ये कमी सिक्योरिटी फोर्सेज की तालमेल के साथ की जा रही रणनीति का परिणाम है।"साम–दाम–दंड–भेद" के तरीके से सरकार अब नक्सल बेल्ट में एक साथ काम कर रही है। ऑपरेशन प्रहार', 'ऑपरेशन समन्वय', 'ऑपरेशन जंगल युद्ध' जैसे अभियानों से सुरक्षा बलों ने असरदार कार्रवाई की है। वो न केवल जंगलों में प्रवेश कर रहे हैं बल्कि वहां लगातार डट भी रहे हैं सटीक इंटेलिजेंस नेटवर्क, ड्रोन सर्विलांस और स्थानीय पुलिस की भूमिका ने नक्सलियों को भागने की जगह नहीं छोड़ी है।



पहले सुरक्षा बल जंगल छोड़कर लौट आते थे और ऐसे में नक्सली फिर लौट आते थे। अब स्थायी कैंप और सड़क निर्माण ने उस रणनीति को तोड़ दिया है। दरअसल सरकार की नीति काफी प्रभावी रही है– बंदूक छोड़ो, जीवन पाओ। छत्तीसगढ़, झारखंड और महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति को बहुत सक्रिय तरीके से लागू किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार समर्पण करने वाले नक्सली को 5 लाख रुपये तक की आर्थिक मदद तो कर ही रही है, साथ में पुनर्वास के लिए मकान और नौकरी के अवसर के साथ समाज में सुरक्षा की गारंटी भी दे रही है। कई आत्मसमर्पित नक्सली अब सरकारी योजनाओं में काम कर रहे हैं, कुछ को स्थानीय पंचायतों में जिम्मेदारी भी दी गई है। ¼fgQh½

## उद्योग धंधों के विकास की धीमी गति के लिए कौन जिम्मेदार

पूरन चंद सरीन

हमारे प्राकृतिक, मानवीय और आर्थिक संसाधन किसी भी विकसित देश से कम नहीं हैं बल्कि अनेक क्षेत्रों में हमारा वर्चस्व है जैसे कि हिमालय पर्वत शृंखला, नदियों की विशालता, मूल्यवान खनिज पदार्थ, घने जंगल, वैकल्पिक ऊर्जा के अक्षय भंडार तथा सभी तरह के मौसम। सबसे अधिक युवाओं की संख्या है। उनके व्यापार करने, औद्योगिक इकाइयां बनाने और घरेलू उपभोग और निर्यात के लिए वैश्विक बाजार में प्रतियोगी बनने की अपार संभावनाएं हैं। इतना कुछ होते हुए भी भारत पर अविकसित या विकासशील देश होने का ठप्पा लगा हुआ है। ऐसा क्यों? उद्योगों की स्थिति और उद्यमियों की आपबीतीरू देश में उद्यमिता का विकास और अपना छोटा, मध्यम या बड़ा उद्योग लगाने के लिए अनेक योजनाएं लगातार बनाई जाती रही हैं लेकिन घोषणा करने के बाद सरकार भूल जाती है कि उन पर अमल भी करना और करवाना होता है। आंकड़ों के अनुसार इन योजनाओं के जरिए जो इकाइयां शुरू हुईं, युवाओं के सपनों का आधार बनीं और विश्व स्तरीय उत्पाद बनाने में अग्रणी बनने का सपना संजोए थी

# मां सरहटा देवी मंदिर में अनोखा अनुष्ठान

न्यूज वाणी ब्यूरो

सकरन, सीतापुर। सकरन विकास खंड में स्थित प्रसिद्ध मां सरहटा देवी मंदिर से जुड़ा एक अत्यंत भक्तिपूर्ण और अनोखा अनुष्ठान सामने आया है। पुत्र रत्न की प्राप्ति की मनोकामना पूरी होने के बाद, भूमिका सिंह नामक एक महिला ने अपना संकल्प निभाते हुए केवानी नदी में पूरे पाँच घंटे की जल समाधि ली। भूमिका सिंह ने बताया कि शादी के आठ वर्षों तक उन्हें कोई संतान नहीं थी। इस दौरान उन्होंने दुखी होकर मां सरहटा देवी के दरबार में पुत्र प्राप्ति की मन्नत माँगी थी और यह संकल्प लिया था कि मनोकामना पूर्ण होने पर वह नदी के जल में कठोर जल समाधि अनुष्ठान करेंगी। ईश्वर की .पा और माता रानी के आशीर्वाद से उनकी इच्छा पूरी हुई। भूमिका सिंह ने शुक्रवार को केवानी नदी के शीतल जल में प्रवेश किया और पूरे पाँच घंटे तक जल समाधि ली। इस पूरे समय, वह जल के भीतर ही रही और निरंतर माता रानी के गुणों का गुणगान करती रहीं। माता रानी अत्यंत दयालु और महिमामयी हैं इस अभूतपूर्व अनुष्ठान के बाद, भूमिका सिंह ने मां सरहटा देवी को अत्यंत दयालु और महिमामयी बताया। उन्होंने कहा कि मां ने उनकी सूनी गोद को भर दिया है, जिसके लिए उन्होंने यह कठिन प्रतिज्ञा पूरी की है। इस श्रद्धा और भक्ति के अनोखे प्रदर्शन को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां उपस्थित थे। इस अनुष्ठान के दौरान नितिन, अंकित, सुमन और शोभा सहित कई अन्य महिलाएं भी उनके साथ उपस्थित रहीं और भक्तिभाव से माता रानी के जयकारे लगाती रहीं।



# रजाई फैक्ट्री जलकर राख, लाखों का माल खाक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर। जिले के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के देवई गांव में शनिवार सुबह एक भीषण अग्निकांड में इकबाल पुत्र बहादुर अली की रजाई फैक्ट्री पूरी तरह जलकर राख हो गई। सुबह करीब आठ बजे हुई इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। आग इतनी भयंकर थी कि देखते ही देखते लाखों रुपए की तैयार रजाइयां, कपड़ा और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई। हालांकि, गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। आग की तेज लपटें और ध ुएं का गुबार देखकर आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। फैक्ट्री से धुआं उठता देख ग्रामीण अपने घरों से दौड़ पड़े और अफरा–तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने बाल्टी, डिब्बे और पाइप की मदद से पानी डालकर आग बुझाने की जद्दोजहद शुरू कर दी। फैक्ट्री मालिक इकबाल ने बताया कि बिक्री के लिए रखी गई तैयार रजाइयां पूरी तरह से जल गईं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। मौके पर पहुंची पुलिस और राजस्व टीम घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन परिवार को इस अग्निकांड से गहरी चोट पहुंची है।



# वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम रेउसा तंबौर मार्ग पर गोन्धि ाया के निकट अज्ञात तेज रतार वाहन ने एक बाईक पर सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में इलाज के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम कुरतहिया में सोलर प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है जहाँ खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चंदीपुर निवासी अजीत 23 वर्ष अपने साथी लहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिलरिया निवासी शिवा 19 के साथ काम करने गया था। बताते हैं कि कार्य में सामान कम पड़ने के बाद यह लोग अपने एक अन्य साथी गॉव के रामेन्द्र 29 के साथ बाईक से तंबौर आए थे। जहाँ से वापस होते समय देर शाम गोन्धिया के पास किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सड़क पर गिरे अजीत की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस उन्हें एम्बुलेंस से सीएचसी लाई जहाँ से गम्भीर रूप से घायल रामेन्द्र व शिवा को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। जानकारी मिली है कि वहाँ इलाज के दौरान शिवा की भी मौत हो गई जबकि रामेन्द्र को डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया है। तंबौर थाना प्रभारी सहित पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रहा। इसके अलावा शनिवार को क्षेत्र के ग्राम छतांगुर में ट्रैक्टर पर चढ़ने के दौरान गिरने से छतांगुर निवासी मेवालाल पुत्र सुभाष 23 चोटिल हो गया जिसे तुरंत सीएचसी लाया गया प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# किसान धान क्रय केंद्रों की व्यवस्था से आहत बीकेयू टिकैत ने सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। धान क्रय केंद्रों की अव्यवस्था और बंद पड़ी चीनी मिलों को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मिहींपुरवा इकाई ने उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की।

तहसील मुख्यालय पहुंचे यूनियन के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार से मिलकर कहा कि इस वर्ष भी धान खरीद की प्रक्रिया सुचारू रूप से शुरू नहीं हो सकी है। कई धान क्रय केंद्र अब तक संचालित नहीं हुए हैं, जबकि जो केंद्र चालू हैं वहां किसानों को धान तौलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर नमी का बहाना बनाकर किसानों का ध ाान वापस भेजा जा रहा है। यूनियन नेताओं ने बताया कि किसानों को खरीफ फसल के बाद अब रबी फसल की तैयारी में भी कठिनाई झेलनी पड़ रही है। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र में स्थित चीनी मिलों में से सिर्फ खमरिया की गोविंद शुगर मिल ही चालू हुई है जबकि नानपारा और खम्हरखेड़ा चीनी मिलें अब तक बंद हैं। इस वजह से गन्ना किसानों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है और गेहूं की बुवाई प्रभावित हो रही है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि किसानों की मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो यूनियन को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि सभी धान क्रय केंद्रों को जल्द सुचारू रूप से संचालित कराया जाए और बंद चीनी मिलों को चालू करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर यूनियन के पदाधिकारी परमजीत सिंह, सिंदर सिंह, अर्श सिंह, सतनाम सिंह, परगट सिंह, जोखन, आलोक मौर्या, पिंटू, हरदीप सिंह और सुखविंदर सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# उत्पीड़न से तंग आकर किशोरी ने की आत्महत्या

## - घर में लटका मिला शव, चार अज्ञात सहित एक नामजद पर केस दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिसवां, सीतापुर। बिसवां कोतवाली इलाके में शनिवार सुबह उस समय हड़कम्प मच गया, जब एक नाबालिग किशोरी का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। परिजनों ने किशोरी का शव लटकता देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की गहन ततीश शुरू कर दी है। मृतक किशोरी के परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इंकार करते हुए गांव के ही एक नामजद युवक मेहताब सहित चार अज्ञात लोगों पर बेटी की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है और उन्हें ही मौत का जिम्मेदार ठहराया है। पीड़िता के भाई राहुल चौरसिया ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन शालिनी गांव के ही मेहताब



नामक युवक से फोन पर बातचीत करती थी। आरोप है कि इसी के चलते युवक लगातार किशोरी का उत्पीड़न कर रहा था। आरोप है कि जब घर में कोई मौजूद नहीं था, तब मेहताब किशोरी से मिलने पहुंचा था। इसके कुछ समय बाद जब परिवार के सदस्य घर पहुंचे, तो उन्होंने किशोरी का शव फंदे से लटका हुआ पाया। पुलिस ने घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डॉक्टरों की निगरानी में हुए पोस्टमार्टम में डॉक्टरों ने आत्महत्या किए जाने की पुष्टि की है। हालांकि, परिजनों ने युवक और उसके साथियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने और मौत का जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी मेहताब सहित चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। एएसपी उत्तरी आलोक सिंह ने बताया कि किशोरी की आत्महत्या के मामले में गांव के एक युवक से किशोरी बातचीत करती थी, उसी के खिलाफ तहरीर आई है। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के चलते गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों को आधार बनाकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# खाटू श्याम की भक्ति से सराबोर हो गई धार्मिक नगरी सिधौली

## - निकली मनमोहक शोभायात्रा, हुआ विशाल जागरण



न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। धार्मिक नगरी सिधौली शनिवार को खाटू श्याम की भक्ति में सराबोर हो गई। दोपहर में बाबा की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसके बाद रात को हरियाली गेस्ट हाउस में एक विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। शनिवार दोपहर में खाटू श्याम जी की मनमोहक शोभा यात्रा ने कस्बे के विभिन्न मार्गों को भक्ति के रंग में रंग दिया। यह शोभा यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए प्रमुख देवस्थलों पर पहुंची और अंततः रात्रि जागरण स्थल पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, जो उत्साह और श्रद्धा के साथ जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। रात्रि जागरण में गूंजेंगे मधुर भजन रात को हरियाली गेस्ट हाउस में आयोजित होने वाले विशाल जागरण को लेकर भक्तों में अपार उत्साह है। आयोजन समिति के सदस्यों, अमित और अनुराग शुक्ल ने बताया कि इस पावन दरबार में देश के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। जागरण में पुष्प वर्षा, भव्य आरती और एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिससे पूरा वातावरण देर रात तक भक्तिमय बना रहेगा। भक्तों के लिए की गई विशेष व्यवस्था समिति के सदस्यों ने यह भी सुनिश्चित किया है कि सभी भक्तों के लिए आवश्यक सुविधाओं की उत्तम व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपने परिवार सहित पहुंचकर भगवान खाटू श्याम की महिमा का गुणगान करने और इस पावन दरबार का आनंद लेने की भावुक अपील की है।

# तिवारी चौराहे पर आधा सैकड़ा उपद्रवियों का तांडव

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। कोतवाली नगर क्षेत्र के तिवारी चौराहे पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब आधा सैकड़ा (लगभग 50) उपद्रवियों ने लाठी–डंडों से लैस होकर जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान, चौराहे से गुजर रहे राहगीरों पर जानलेवा हमला किया गया, जिसमें एक महिला समेत तिवारीपुर चौराहा निवासी शिवपाल सिंह एवं उनके पुत्र रुद्रा प्रताप सिंह समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उपद्रवी अचानक चौराहे पर पहुंचे और बिना किसी उकसावे के लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। उनके हाथ में लाठी–डंडे थे, जिससे उन्होंने राहगीरों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस अचानक हुए हमले से इलाके में कोहराम मच गया और लोग जान बचाने के लिए इधर–उध र भागने लगे। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हमले में घायल हुए चारों लोगों को आनन–फानन में जिला अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। घायलों में एक महिला भी शामिल है, जिनकी हालत को लेकर अधिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पुलिस के अनुसार उपद्रवियों द्वारा किए गए इस हमले के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उपद्रवी कौन थे और उन्होंने क्यों इस तरह से राह चलते लोगों पर जानलेवा हमला किया।



मामले की सूचना मिलते ही कोतवाली नगर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जाँच–पड़ताल में जुट गई है। पुलिस उपद्रवियों की पहचान करने और उन्हें गिरतार करने के प्रयास कर रही है। पुलिस ने कहा है कि वह जल्द ही हमलावरों का पता लगाकर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगी।

# वामिका प्रतिभा खोज परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों की प्रतिभा निखारने और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति उनमें जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित वामिका प्रतिभा खोज परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को ठाकुर हुकुम सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जेबी सिंह सभागार में संपन्न हुआ।

समारोह में जिले भर के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। वर्ष 2025 की वामिका प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन की छह तहसीलों में स्थित परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक चली। इस परीक्षा में कक्षा 5 और कक्षा 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। यह परीक्षा 30 अक्टूबर को आयोजित की गई थी, जिसे नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा एवं राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा (एनएमएमएस) की तर्ज पर तैयार किया गया था। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वस्थ एवं संतुलित प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना और उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना था। इस मौके पर जिला स्तर के अधिकारियों ने उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि वामिका प्रतिभा खोज परीक्षा जैसे आयोजन विद्यार्थियों को न केवल आत्मविश्वास प्रदान करते हैं बल्कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच की शिक्षा की खाई को भी पाटने में सहायक हैं। इस परीक्षा के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक स्तर पर ही प्रतियोगी परीक्षाओं की दिशा में तैयार करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के समापन पर वीरेश वर्मा ने सभी अतिथियों और विद्यालय प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि वामिका प्रतिभा खोज परीक्षा आने वाले वर्षों में और अधिक व्यापक रूप में आयोजित की जाएगी ताकि जिले के हर कोने की प्रतिभा को पहचान मिल सके। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद, महाविद्यालय प्रबंधक डॉ. एसपी सिंह, प्राचार्य डॉ. विनय सक्सेना, वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी शिशिर वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज भगड़वा बाजार, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष आनंद पाठक, महामंत्री विजय उपाध्याय, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष आनंद मोहन मिश्रा, उपाध्यक्ष पंकज वर्मा, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष विद्या विलास पाठक सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद, अभिभावक और छात्र मौजूद रहे।

# महिलाओं को प्रोत्साहन व स्वास्थ्य जागरूकता हेतु दौड़ प्रतियोगिता



न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। मिलान फाउंडेशन के सौजन्य से आज ग्राम कबरन में महिलाओं को प्रोत्साहन एवं स्वस्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला दौड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव की महिलाओं ने बढ़–चढ़कर उत्साहपूर्ण सहभागिता दर्ज की।

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. संदीप यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागी महिलाओं एवं बच्चों को खेल भावना को जीवन का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए उन्हें निरंतर सक्रिय रहने एवं समाज में सकारात्मक प्रेरणा देने का संदेश दिया। 100 मीटर महिला दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्. ष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त किए। प्रथम स्थान गुड़िया यादव (इन्हें हार्ड केस भेंट कर सम्मानित किया गया) द्वितीय स्थान पूनम मौर्या तृतीय स्थानरू सुनीता मौर्या इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में शामिल अन्य प्रतिभागियों एवं बच्चों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि डॉ. संदीप यादव ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के आत्मविश्वास, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मिलन फाउंडेशन फैसिलिटेटर रजनीश कुमार पूजा पाल के द्वारा खेल एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े इस सराहनीय आयोजन के लिए समस्त ग्रामवासियों ने आयोजकों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसी गतिविधियां जारी रखने की अपेक्षा जताई।

# एसपी ने थाना बिसंडा का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शनिवार को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना बिसंडा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक बिसंडा से उनके थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं तथा ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे। अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरतारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष तथा थाने की साफ–सफाई आदि का गहन अवलोकन किया गया। प्रभारी निरीक्षक बिसंडा को थाना परिसर की साफ–सफाई तथा कर्मचारियों से नियमित रुप से सैनिक सम्मेलन कर उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।

# असंगठित मजदूर मोर्चा ने चलाया जन जागरुकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। ग्राम पंचायत बधनिया पुरवा अमवा बिसन्डा में असगठित मजदूर मोर्चा के तत्वाधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष दल सिंगर के आदेश अनुसार जन जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल तस्करी, बचपन बचाओ आंदोलन, स्वास्थ्य शिक्षा, और जीरो प्रॉपर्टी के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद ने श्रम विभाग से अपना रजिस्ट्रेशन कराने और इसका लाभ लेने की अपील की। श्रम विभाग की सुमंगला योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत की जोड़ी समस्याओं पर भी चर्चा हुई, जैसे राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, और आवास आदि। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद ने किया, जिनका मोबाइल नंबर 7408857516 है। जिला महामंत्री भगवती प्रसाद नामदेव का मोबाइल नंबर 7398865466 है और जिला संयोजक मंत्री शिवकुमार विमल का मोबाइल नंबर 9170819532 है। सक्रिय सदस्य पूरन प्रसाद वर्मा, लला रमेश, अवधेश, गीता, राजा, शियारानी और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की बनारस टू खजुराहो वंदे भारत ट्रेन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी से खजुराहो के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन पर भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बनारस टू खजुराहो वंदे भारत ट्रेन वाराणसी से सुबह 5.25 बजे चलकर दोपहर 1.10 बजे खजुराहो पहुंचेगी। वापसी में यह खजुराहो से दोपहर 3.20 बजे चलकर रात 11 बजे वाराणसी पहुंचेगी। इस ट्रेन का मुख्य उद्देश्य खजुराहो में पर्यटन को बढ़ावा देना और यात्रियों को तेज और आरामदायक यात्रा प्रदान करना है। रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन बुंदेलखंड के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात है। यह ट्रेन न केवल यात्रियों को तेज और आरामदायक यात्रा प्रदान करेगी, बल्कि क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# थाना दिवस पर कमिश्नर डीआईजी ने बदौसा में की जनसुनवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में शनिवार को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस. द्वारा थाना बदौसा पर जनसुनवाई की गई। इस दौरान 02 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें दोनों शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष बदौसा तथा संबंधित राजस्व अधि ाकारियों को निर्देशित किया गया कि जनता की शिकायतों का प्रभावी एवं शीघ्र निस्तारण शासन की पहली प्राथमिक है ऐसे में सभी अपने–अपने स्तर से प्राप्त होने वाली शिकायतों को त्वरित निस्तारण करें। शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों से सभी का व्यवहार विनम्र एवं सहयोगी हो, किसी प्रकार की अभद्रता या लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा थाना बदौसा का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त अभिलेखों का अवलोकन करते हुए उन्हे अद्यावधिक करने थाना परिसर की साफ–सफाई आदि के संबंध में क्षेत्राधिकारी अतर्रा तथा अन्य को निर्देशित किया गया।

# निर्वाचन कर्मियों कों विभागीय कार्य से मुक्तिकी मांग

बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पदाधिकारियों का प्रतिनिध ा मंडल ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को पत्र देकर बीएलओ, सुपरवाइजर में लगे सभी शिक्षक व शिक्षामित्रों सहित अन्य कार्मिको को विधानसभा निर्वाचक नामावली के एसआईआर कार्य हेतु विद्यालय व कार्यालय की सामान्य उपस्थिति अन्य विभागीय दायित्व से मुक्त रखे जाने की मांग की है।जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने बताया है कि जनपद के विभिन्न विध ाानसभा में बीएलओ, सुपरवाइजर की ड्यूटी में लगे समस्त कार्मिकों को विध ाानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य हेतु विद्यालय, कार्यालय में सामान्य उपस्थिति एवं अन्य विभागीय कार्यों से मुक्त किये जाने हेतु जिलाधिकारी कों संगठन की ओर से पत्र देकर मांग की गई। कार्य की अधिकता को देखते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का पूर्ण प्रयास है कि सभी उक्त कार्य हेतु अन्य विभागीय दायित्वों से मुक्त किया जाय।

# वर्षो से कार्यरत शिक्षकों को टेट अहर्ता की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, बहराइच। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संगठन मंत्री महेंद्र कपूर के मार्गदर्शन में महासंघ के प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने नई दिल्ली स्थिति राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष को मांग पत्र देकर शिक्षक पात्रता परीक्षा संबंधी सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर हस्तक्षेप करके वर्षों से कार्यरत सेवारत शिक्षकों की सेवा को सुरक्षित करने का अनुरोध ा किया।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने इस बावत जानकारी देते हुए बताया है कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो पंकज अरोड़ा से नई दिल्ली में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय में उचित हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी बताया कि सभी कार्यरत शिक्षकों के लिए उत्तीर्ण करना अनिवार्य करने संबंधी इस निर्णय से देशभर के लगभग 20 लाख शिक्षकों की सेवा निरंतरता, पदोन्नति एवं आजीविका पर संकट उत्पन्न हो गया है। पत्र द्वारा राष्ट्रीय महामंत्री प्रोफेसर गीता भट्ट ने कहा कि अधिसूचना में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 2 (एन) के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक शिक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता अधिसूचना की तिथि से प्रभावी होगी। प्रतिनिध िमंडल में संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर, महामंत्री प्रो गीता भट्ट, अतिरिक्त महामंत्री मोहन पुरोहित, उपाध्यक्ष पवन मिश्रा, तेलंगाना प्रांत अध्यक्ष हनुमंत राव व तमिलनाडु प्रांत महामंत्री कंदस्वामी सम्मिलित रहे। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, जिला महामंत्री उमेश त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी सहित महासंघ के समस्त पदाधिकारियों ने कहा कि कई वर्षों से कार्यरत सेवारत शिक्षकों को टीईटी अहर्ता की अनिवार्यता से मुक्त किया जाना चाहिए।

# 51 हजार मातृशक्तियों की कलश यात्रा से आलोकित हो उठी नगरी

## - इष्टिकापुरी में हुआ धर्म, शक्ति और यज्ञभाव का अभूतपूर्व संगम
## - पुलिस व्यवस्था को लेकर सीओ सिटी कई थानों की टीम के साथ मौजूद



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। इष्टिकापुरी की पावन भूमि ने इतिहास रच दिया। रामलीला मैदान के बगल में स्थित हिन्दू हॉस्टल प्रांगण में हो रहे 1108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ को दिव्यता एवं भव्यता प्रदान करने के लिए शनिवार को निकाली गई। कलश यात्रा में मातृ शक्ति का ऐसा विशालतम समूह उमड़ा कि पूर्व घोषित 51 हजार की संख्या भी छोटी पड़ गई और उनका ओर छोर देखने के लिए कैमरों की जूम रेंज भी बौनी साबित हो गई। जब असंख्य मातृशक्तियां पीताम्बर धारण कर, मस्तक पर कलश लिए, वैदिक मंत्रों और भक्ति गीतों के साथ नगर की सड़कों से गुजरीं, तो सम्पूर्ण पीतवर्णी आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा। यह यात्रा केवल एक शोभा यात्रा नहीं, बल्कि भारत की सनातन चेतना का पुनर्जागरण थी जिसने इटावा को पुनः उसकी इष्टिकापुरी तपोभूमि की महिमा से जोड़ दिया। पीतवस्त्र धारण किए भक्ति और श्रद्धा में रची–बसी यह यात्रा मानो देवत्व का मूर्त स्वरूप बन गई, जिसने नगर के कण–कण में अध्यात्म की गूंज भर दी। इटावा से पूर्व में कन्नौज में निकली 21 हजार मातृशक्तियों की कलश यात्रा भव्य कही गई थी, परन्तु इष्टिकापुरी की यह यात्रा उस रिकॉर्ड को पार कर, एक अद्वितीय और युगांतकारी आयोजन के रूप में स्थापित हुई। यज्ञाधीश पूज्य गुरु श्री रामदास जी महाराज ने इस ऐतिहासिक अवसर पर कहा "यह यात्रा केवल नगर की परिक्रमा नहीं, बल्कि इष्टिकापुरी की आत्मा का जागरण है। यहाँ के धर्मनिष्ठ लोगों ने यह सिद्ध कर दिया कि जब समाज यज्ञभाव में जागृत होता है, तो ईश्वर स्वयं उसमें सहभागी बनते हैं। पूरे नगर में आज भक्ति, उल्लास और वैदिक ऊर्जा का अनुपम संगम देखने को मिला। घर–घर के द्वार पर कलश यात्रा का स्वागत हुआ, मार्गों पर पुष्पवर्षा और शंखनाद गूंज उठे। यह केवल आयोजन नहीं एक सांस्तिक नवजागरण था जिसने इटावा को आध्यात्मिक केंद्र के रूप में पुनः स्थापित कर दिया। शनिवार को यज्ञ स्थल पर प्रातः दस बजे से ही दिव्य पीताम्बरा आभा को बिखेरती हुईं माताओं, बहनों, बेटियों का हाथ में कलश लिए हुए आना शुरू हो गया और बारह बजते बजते तक पूरा प्रांगण मातृ शक्ति के समूह से खचाखच भर गया। यज्ञाधीश पूज्य रामदास जी महाराज ने आचार्यों के स्वस्तिवाचन और फिर आरती पूजन के बाद जैसे ही कलश यात्रा आरम्भ कराई, पीताम्बरा माई की जय, हर हर महादेव, यज्ञ भगवान की जय और पूज्य गुरु महाराज की जय के घोष से गुंजायमान हो उठा। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने भी कार्यक्रम स्थल पर आकर पूजन अर्चन किया और कांधे पर पालकी उठाकर यात्रा में चलीं। सबसे आगे पालकी पर वेद भगवान, भव्य रथों पर पूज्य संत योगी राकेशनाथ ऋषिकेश, पिलुआ धाम के पीठाधीश्वर महंत हर भजन दास महाराज, संत शिवम शंभू महाराज शोभायमान हुए जिनके दर्शन करके भक्त श्रद्धालु धन्य हुए और ढोल नगाड़ों की गूंज तथा भजन संकीर्तन के साथ जब इटावा के इतिहास की यह अभूतपूर्व कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों, रामलीला रोड, भारों वाला चौराहा, सिंधी मार्केट, तहसील चौराहा, बजाजा लाइन, नगर पालिका चौराहा, पक्की सराय, तिकोनिया, नौरंगाबाद चौराहा, साबित गंज चौराहा, रामगंज चौराहा, कटरा सेवाकली, तकिया आजादगान से पक्का बाग चौराहा होते हुए जब वापस यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दर्शनार्थी लोगों की आंखें चौंधिया सी गईं। यात्रा में अनेक स्थानों पर दुकानदार भाइयों ने अपने अपने प्रतिष्ठानों से जमकर पुष्प वर्षा की और आरती पूजन किया। कई स्थानों पर लोगों शीतल पेय, जल, बिस्किट फल मिष्ठान का वितरण भी किया। यज्ञाधीश श्री रामदास जी महाराज ने समस्त नगरवासियों से आह्वान किया कि वे आगामी 1108 कुण्डीय महायज्ञ में तन–मन–धन से सहभागिता करें और अपने जीवन को यज्ञमय बनाएं। यात्रा को सफल बनाने में जनमेजय सिंह भदौरिया, पंकज तिवारी बबलू, डा. जय किशन तिवारी, अमित दीक्षित, अल्लू ठाकुर, पूनम पांडेय, नमिता तिवारी, निशा गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। जिसमें क्षेत्राधिकार नगर अभय नारायण राय एवं थाना कोतवाली प्रभारी समस्त टीम के साथ, सिविल लाइन थाना प्रभारी समस्त टीम के साथ फ्रेंड्स कॉलोनी प्रभारी समस्त टीम के साथ एवं विभिन्न थानों की पुलिस कलश यात्रा में मौके पर मौजूद रही।

# थाना फरधान में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निर्देश



न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना फरधान में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व–पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम–एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान नायब तहसीलदार सुनील कुमार, प्रभारी निरीक्षक सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने सदर विधानसभा की मतदाता पुनरीक्षण की ली कार्यशाला

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पूरे उत्तर प्रदेश में स्पेशल गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में सदर विधानसभा की मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला भाजपा कार्यालय, भर्थना विधानसभा की मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला शीला रिजॉर्ट लखना तथा जसवंतनगर विधानसभा की मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला यलो गार्डन में संपन्न हुई। कार्यशाला के दौरान आगामी चुनावों में भाजपा संगठन को सशक्त बनाने और मतदाता सूची के पुनरीक्षण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा हुई सदर विधानसभा की मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाता की सक्रियता से होती है। उत्तर प्रदेश सहित 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया लागू हो चुकी है। एसआईआर प्रक्रिया के तहत बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं का पुनरीक्षण करेंगे। कार्यकर्ताओं को वार्ड और गांव स्तर पर घर–घर जाकर नए वोट बनवाने और फर्जी या मृत मतदाताओं के नाम सूची से हटवाने का काम करना होगा। कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची के शुद्धिकरण और अधिकतम नाम जुड़वाने के लिए संगठित रूप से कार्य करने का आह्वान किया। भर्थना व जसवंतनगर विधानसभा की मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला को मुख्य अतिथि की रूप में सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने बताया कि एसआईआर अभियान 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक चलेगा। यह विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। एसआईआर का उद्देश्य मृत मतदाताओं के नाम हटाना, स्थानांतरित मतदाताओं के नाम सही करना और 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं के नाम जोड़ना है। हर कार्यकर्ता और बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूट न जाए। जसवंतनगर विधानसभा की मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला को मुख्य वक्ता की रूप में सम्बोधित करते हुए अभियान जिला संयोजक व जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने कार्यकर्ताओं को सरल भाषा में गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के विषय में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता छूट न पाए। इसको लेकर बिंदुवार जानकारी दी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारी के साथ बीएलओ की मदद करने को कहा। प्रत्येक कार्यकर्ता को एसआईआर के माध्यम से अपने वोटों को कैसे बनवाना है की जानकारी दी। सदर विधानसभा कार्यशाला का संचालन जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, भर्थना विधानसभा कार्यशाला का संचालन विधानसभा संयोजक अवधेश चतुर्वेदी, जसवंतगर विधानसभा कार्यशाला का संचालन अजय यादव ने किया। विधानसभा कार्यशाला में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, अजय धाकरे, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व प्रत्याशी सिद्धार्थ शंकर दोहरे, विवेक शाक्य गुड्डू, जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, जिला उपाध्यक्ष देवप्रताप भदौरिया, शिव किशोर धनगर, दीपक नाथ चौधरी, हरनाथ कुशवाह, जिला मंत्री रजत चौधरी, ममता कुशवाहा, डॉ ज्योति वर्मा, राजकमल यादव, चक्रेश जैन, कोषाध्यक्ष व सदर विधानसभा संयोजक संजीव भदौरिया, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, जिला संयोजक सोशल मीडिया विमलेश शाक्य सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी मंडल प्रभारी, शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, बूथ महामंत्री (बीएलओ–2) सहित विधानसभा में निवास करने वाले पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



# युवक ने हुक में फांसी लगाकर किया आत्महत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

गोण्डा। थाना धानेपुर के अंतर्गत ग्राम सभा बनगाई के निवासी शिवम सिंह लगभग 30 वर्ष ने पंखा लगाने वाले कुंडे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक शिवम सिंह की पत्नी बन्दना ने कुछ दिन पहले छत के पंखे में दुपट्टे से फँदा लगाकर आत्महत्या कर लिया था। परिजनों ने बताया कि पत्नी की मौत के बाद से शिवम सिंह मानसिक तनाव में हमेशा रहते थे जिससे क्षुब्ध होकर पंखा लगाने वाले कुंडे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक के माता कोकिला सिंह पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र सिंह निवासी बनगाई ने थाने पर सूचना दिया। सूचना पाकर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच कर विधिक कार्यवाही हेतु शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# 25 दिसंबर को होगा मेघा अलंकरण समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पासी कल्याण समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। समिति द्वारा मेधा अलंकरण समारोह का आयोजन 25 दिसंबर को महाराजा बिजली पासी जयंती के शुभ अवसर पर समिति के कार्यालय सथरियांव में किया जाएगा।

समिति के महासचिव प्रदीप कुमार पासवान ने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राएं इस सम्मान के पात्र होंगे। आवेदन प्रक्रिया एक नवम्बर से प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक स्वजातीय छात्र–छात्राएं आवेदन पत्र समिति के किसी भी पदाधिकारी के पास या सीधे समिति कार्यालय सथरियांव में जमा कर सकते हैं।

# टोल टैक्स में राहत प्रदान कर सरकार ने व्यापारी हितैषी होने का दिया सबूत : बनवारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा मोदी के नेतृत्व में कार्य करने वाले मंत्री नितिन गडकरी ने टोल टैक्स में जनमानस को भारी रात देने का कार्य विदेश से भी बेहतरीन सड़के बनाने के सुंगम अवसर प्रदान हुए हैं। व्यापारियों उक्त उदगार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार लाल कंछल ने नुमाइश चौराहा स्थित मंडल के जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शासनादेश 2025 लागू किया है। जिससे मामले में अधिकारी जेल का भय दिखाकर



प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय अध्यक्ष ने कि भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग संपूर्ण भारत में व्यापारियों सहित आम किया नितिन गडकरी द्वारा पूरे देश में कार्य किया है जिस रोजगार के लिए में भारत सरकार के प्रति भारी हर्ष है। प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। ने उनकी कई मांगे मान ली है जिसमें पूरे व्यापारी समाज पर अब किसी भी उनका उत्पीड़न नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी एक और मांग शीघ्र ही पूरी होने वाली है जिसमें व्यापारियों के स्वास्थ्य बीमा सरकार द्वारा किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान मुन्ना युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार पाल प्रदीप कनौजिया बिना चौहान जिला महामंत्री रमेश यादव जिला संगठन मंत्री अनुराग वर्मा नगर उपाध्यक्ष अनू गुप्ता युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे युवा शहर महामंत्री अनिल यादव युवा शहर उपाध्यक्ष आशीष तिवारी युवा शहर कोषाध्यक्ष गोविंद .ष्णा भदोरिया युवा शहर उपाध्यक्ष अश्वनी दुबे अमित दुबे भोले महिला जिला उपाध्यक्ष रश्मि शाक्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# यातायात प्रभारी ने आटो चालकों संग लगाई चौपाल



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में जनपद में यातायात माह के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह अपने हमराहियों के साथ चौधरी पंप पहुंचे, जहाँ उन्होंने ऑटो चालकों के साथ चौपाल लगाकर उन्हें सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम के दौरान सूबेदार सिंह ने ऑटो चालकों को समझाया कि सड़क पर वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाना, मोबाइल फोन का प्रयोग न करना और मदिरा सेवन कर वाहन न चलाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छोटी–छोटी सावधानियाँ न केवल चालक की जान बचा सकती हैं, बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने बताया कि यातायात विभाग लगातार जनपद के विभिन्न स्थानों पर चौपालों, जागरूकता रैलियों और स्कूली कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रहा है। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुचारू बनाना है। इस चौपाल में ऑटो चालकों ने भी यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह के साथ कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, चालक मनोज कुमार एवं होमगार्ड आक्रोश कुमार मौजूद रहे। अंत में यातायात प्रभारी ने उपस्थित चालकों से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज की सुरक्षा के लिए नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यातायात सभी की जिम्मेदारी है, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर ही हम दुर्घटनामुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

# ई-रिक्शा पलटने से मासूम की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के बाकरगंज चौकी के समीप शनिवार की सुबह अनियंत्रित होकर ई–रिक्शा पलट जाने से 6 वर्षीय मासूम बच्ची बुरी तरह घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली के सनगांव निवासी नियाज उद्दीन की पुत्री आमरीन अपनी मां शबनम के साथ शहर सब्जी खरीदने आई थी।

# डीएम ने ग्राम पंचायत मानिकपुर में लगाई ग्राम चौपाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकास खंड रतनपुरा के ग्राम पंचायत मानिकपुर में ग्राम चौपाल लगाई। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों से सीधा संवाद किया तथा पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही साथ ग्रामीण स्तर पर ग्राम पंचायत एवं मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का सत्यापन भी किया। ग्राम चौपाल के शुरुआत में उन्होंने ग्राम पंचायत में तैनात दो बूथ लेवल अधिकारियों से मतदाता सूची प्रगाढ़ पुनरीक्षण हेतु फार्म वितरण की अद्यतन जानकारी ली। साथ ही समस्त ग्राम वासियों को फॉर्म लेकर भरने के पश्चात हस्ताक्षर कर बीएलओ को उपलब्ध कराने को भी कहा, जिससे उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज रहे।बूथ लेवल अधिकारियों ने बताया कि एक बूथ पर बूथ मैपिंग का कार्य लगभग 70 प्रतिशत से ज्यादा पूर्ण हो चुका है एक अन्य बूथ पर कार्य अभी 50 प्रतिशत पूर्ण हुआ है। उन्होंने दोनों बूथ लेवल अधिकारियों को कार्य योजना तैयार कर फार्म वितरण एवं कलेक्शन की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामवासियों से भी अपील की कि फॉर्म लेकर भरने के उपरांत उसे बूथ लेवल अधिकारी को अवश्य उपलब्ध कराएं अन्यथा की स्थिति में मतदाता सूची से नाम कट जाएगा। ग्राम पंचायत में किसानों के फार्मर रजिस्ट्री की अद्यतन स्थिति की जानकारी के दौरान संबंधित ग्राम सचिव ने बताया कि कुल 311 किसानों में से 229 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री के उपरांत सत्यापन कार्य भी पूर्ण हो चुका है जो कुल किसानों का लगभग 73 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने शेष किसानों का भी फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने किसानों से भी अपील की कि सभी किसान फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें अन्यथा की स्थिति में पीएम किसान सम्मन निधि के साथ–साथ अन्य सरकारी योजनाओं से भी वंचित हो जाएंगे। अंत्योदय राशन कार्ड के संबंध में चर्चा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र बचने न पाए। साथ ही अपात्र लोगों की जांच कर उनका नाम सूची से भी बाहर करें। कुछ महिलाओं द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाने की मांग करने पर उन्होंने स्वास्थ्य अधीक्षक को नियमानुसार कार्रवाई कर सभी पात्रों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। राजस्व संहिता के विभिन्न धाराओं यथा धारा 24, धारा 116, धारा 138 तथा वरासत के मामलों के संबंध में जानकारी लेने के दौरान कोई भी मामला लंबित नहीं पाए जाने पर उन्होंने संबंधित लेखपाल एवं कानूनगो को शाबाशी भी दी। ग्राम पंचायत में स्थित विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की चर्चा के दौरान ग्रामीणों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री की शिकायत करने तथा कभी भी केंद्र पर न आने एवं आहार वितरण की कार्रवाई न करने पर उन्होंने तत्काल आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीना सिंह की सेवा समाप्ति एवं मुख्य सेविका लाल मुनी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एएनएम की भी शिकायत पर उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन के संबंध में भी ग्रामीणों से पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सर्वे कर समस्त पात्र लोगों को इसका लाभ दिलाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत एवं मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों की सत्यापन हेतु उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से इस संबंध में पूछताछ की तथा कार्यों की चर्चा करते हुए उसके सत्यापन की पुष्टि भी की। ग्राम पंचायत स्थित हैंडपंप्स की स्थिति की बारे में भी जानकारी लेते हुए एक खराब हैंडपंप को तत्काल ठीक कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने ग्राम सचिव को ऐसे दिव्यांग जो 80 प्रतिशत से ऊपर दिव्यांगता की श्रेणी में आते हैं उन्हें चिन्हित करने के निर्देश दिए जिससे मोटराइज्ड ट्राई साइकिल की सुविधा उन्हें प्रदान की जा सके। इसके अलावा मूक बधिर बच्चों का भी चिन्हांकन करने को कहा जिससे उनका इलाज कराया जा सके। ग्राम चौपाल के दौरान पुलिस अधीक्षक इलामारन ने भी ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा उसके प्रति जागरूक रहने को कहा। नवंबर माह में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान की चर्चा करते हुए उन्होंने महिलाओं से अपील किया कि घर के पुरुषों को यातायात के नियमों के बारे में सजग करें तथा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने को कहा। उन्होंने आगामी पंचायत चुनाव के .ष्टिगत मारपीट, लड़ाई झगड़े से दूर रहने की भी अपील की जिससे बाद में कानूनी पचड़े में न फंसना पड़े। ग्राम चौपाल के दौरान थाना हलधरपुर में तैनात महिला आरक्षी प्रिया मिश्रा ने महिला सशक्तिकरण के प्रति वहां पर उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 तथा 112 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। समस्त महिलाओं से कहा कि कोई भी दिक्कत हो आप तत्काल संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हर थानों पर महिला हेल्प डेस्क है। किसी भी महिला को कोई समस्या हो तो तत्काल अवगत कराएं। उनका निदान किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे, कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना आदि के बारे में भी वहां पर उपस्थित महिलाओं को विस्तृत जानकारी दी। महिला आरक्षित द्वारा बेहतर ढंग से महिलाओं को संबोधित करने एवं जागरूक करने के प्रयास को देखते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें शाबाशी भी दी। ज्ञातव्य है कि गत सप्ताह ही जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल लगाने हेतु रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए थे, जिससे ग्राम वासियों की समस्याओं का ग्राम स्तर पर ही निस्तारण किया जा सके। ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के अलावा जिला विकास अधिकारी उमेश तिवारी, उप जिलाधिकारी सदर अवधेश चौहान, क्षेत्राधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार, तहसीलदार शैलेंद्र प्रताप सिंह सहित संबंधित ग्राम प्रधान एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# डीएम-एसएसपी ने थाना सहसों पर सुनी फरियादियों की समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। माह के द्वितीय शनिवार के .ष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस (थाना दिवस) के अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना सहसों पर जन शिकायतों को सुना गया। थाना दिवस के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस के अन्य अधि0 व कर्म0गण उपस्थित रहे।

# बसरेहर पुलिस ने ग्राम सहसों में महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना बसरेहर की मिशन शक्ति टीम द्वारा सीएचसी बसरेहर में महिलाओं, बालिकाओं एवं ग्रामीण नागरिकों के मध्य साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा व स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टीम द्वारा उपस्थित लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया स्कैम, डीपफेक वीडिय, ओटीपी, क्यूआर कोड कोड ठगी आदि से बचाव के उपाय बताए गए। किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा वेबसाइट पर तत्काल रिपोर्ट करने की अपील की गई। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, स्वावलम्बन एवं स्वास्थ्य के विषय में जागरूक किया गया। बताया कि महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों एवं जन–कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों एवं कमजोर वर्गों को त्वरित सहायता एवं सशक्तिकरण प्रदान करना है। अंत में पुलिस टीम द्वारा उपस्थितजनों को कानून का सम्मान करने, महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा में सहयोग देने तथा साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने की शपथ दिलाई गई।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्में वाले**

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

**(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)**

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन ऑफ दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व सापट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

**फैसल चश्में वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आगा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P | हाजी खलीक अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213 | एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# एडीएम व एएसपी ने पीड़ितों की सुनीं समस्याएं



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी अवनीष त्रिपाठी व अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह ने खागा कोतवाली व समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों द्वारा अपने–अपने थानों पर प्राप्त जनशिकायतों की सुनवाई कर निस्तारण किया। थाना समाधान दिवस में कुल 92 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें राजस्व के 65 व पुलिस से संबंधित 27 प्रार्थना पत्र रहे। राजस्व टीम के राजस्व के दस व पुलिस से संबंधित आठ प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। शेष प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जा रहा है।

# सपा विधायक ने मार्गो का किया लोकार्पण

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। विधानसभा हुसैनगंज के दो गांवों में बने सीसी मार्ग का लोकार्पण विधायक ऊषा मौर्या ने किया। विधायक ने क्षेत्र वासियों को आवागमन के लिए दोनों मार्ग समर्पित किए।सपा विधायक ऊषा मौर्य ने क्षेत्र के मुराइन का पुरवा मजरे लोहारी एवं चंदीपुर गांव की सड़कों को ग्रामीणों के लिए समर्पित किया। ग्रामीणों को जर्जर रास्तों के लिए जूझना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर गार्गीदीन बाजपेयी, हीरा प्रधान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख वासुदेव पासवान, विकल्प मौर्य, रामनारायण मौर्य, रईस अहमद, बबलू यादव, रामनरेश पटेल पूर्व प्रधान, फूल सिंह यादव, अशोक यादव, तेज सिंह यादव प्रधान, धनराज सिंह लोधी, रामचंद्र गुप्ता, सोनू पाल, रामबहादुर गुप्ता, रमाशंकर दीक्षित, इलियास अहमद, पप्पू सविता, संजय गुप्ता, शिवबरन, वंश गोपाल, छोटेलाल, भैयालाल, राजेश आदि लोग उपस्थित रहे।

# कुत्ते को अपशब्द बोलने पर मालिक ने वृद्ध को पीटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जुकरा में शनिवार की सुबह खेत जा रहे 65 वर्षीय वृद्ध को पीछे से कुत्ते ने हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। तभी वृद्ध कुत्ते को अपशब्द बोलने लगा तभी कुत्ते का मालिक मौके पर आया और वृद्ध को लाठी–डण्डों से पीट–पीटकर घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार जुकरा गांव निवासी स्व0 सुनिया का पुत्र जगरूप शनिवार की सुबह खेत जा रहा था। तभी गांव के ही लायक साहू के घर में पले कुत्ते ने पीछे से वृद्ध पर हमला बोल दिया। जिससे वह घायल हो गया। गुस्से में आकर वृद्ध कुत्ते को अपशब्द बोलने लगा जिस पर जायक साहू मौके पर आया और वृद्ध पर लाठी–डण्डा से हमला बोल दिया। जिससे जगरूप गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों ने उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

# सर्पदंश से महिला की हालत बिगड़ी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम लालदासपुर में शनिवार की सुबह घरेलू काम कर रही 28 वर्षीय महिला को सर्प ने डस लिया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार लालदासपुर गांव निवासी देवचन्द्र की पत्नी सीमा देवी शनिवार की सुबह घरेलू कार्य कर रही थी इसी बीच जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन लोग घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम उसरैना निवासी स्व0 धनेश का 28 वर्षीय पुत्र राहुल अपने साले अजय पुत्र श्यामबाबू मौर्या निवासी मीरपुर के साथ किसी काम से जा रहा था। जैसे ही ये लोग गांव से कुछ दूर पहुंचे तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से दोनों घायल हो गए। उधर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बेरागढ़ीवा गांव निवासी रामआसरे का 26 वर्षीय पुत्र रवि अपने साथी संतोश पुत्र देशराज निवासी बस्तापुर के साथ शहर से मजदूरी कर वापस जा रहे थे तभी हुसैनगंज रोड में वाहन की टक्कर लग जाने से दोनों घायल हो गए। इसी तरह बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ठठराही मुहल्ला निवासी रामबाबू का 35 वर्षीय पुत्र किशोर लाल उर्फ राम प्रसाद बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था जब वह कानपुर जनपद के बेड़ाहार चौकी के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।




# फुटबाल प्रतियोगिता के छठवें दिन के खेले गए क्वाटर फाइनल मुकाबले

न्यूज वाणी ब्यूरो



मऊ। खेल निदेशालय उ0प्र0 से जिला खेल कार्यालय द्वारा डॉ0 में प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर 10 नवंबर तक किया जा रहा है। क्वाटर फाइनल मुकाबले खेले गये। मिर्जापुर मण्डल एवं मेरठ मण्डल के ने अपने खिलाडी रंजना के 01 गोल कर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल फाइनल मुकाबला वाराणसी मण्डल गया। जिसमें वाराणसी मण्डल ने अपने 02 गोल के बदौलत मुकाबले को 6–0 अपनी जगह पक्की की। तीसरा क्वाटर एवं प्रयागराज मण्डल के मध्य खेला कौशल एवं सुझबुझ के कारण पेनालटी लिया गया। पेनाल्टी शूट आउट में तथा उ0प्र0 फुटबाल संघ के समन्वय भीम राव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम बालिका फुटबाल का आयोजन 03 से छठवें दिन के प्रतियोगिता के सभी पहला क्वाटर फाइनल मुकाबला मध्य खेला गया, जिसमें मिर्जापुर मण्डल के बदौलत मुकाबले को 1–0 से जीत मुकाबले में प्रवेश किया। दूसरा क्वाटर एवं अलीगढ मण्डल के मध्य खेला खिलाडी मुस्कान के 04 एवं अनन्या के से जीत कर सेमीफाइनल मुकाबले हेतु फाइनल मुकाबला गोरखपुर मण्डल गया। दोनों मण्डल की खिलाडियों के शूट आउट के द्वारा मुकाबले का निर्णय गोरखपुर ने मुकाबले में प्रयागराज को 4–3 से पराजित करते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान बनाने में कामयाब रही। चौथा एवं आखिरी क्वाटर फाइनल आजमगढ मण्डल एवं आगरा मण्डल के मध्य खेला गया। जिसमें आगरा मण्डल की टीम ने आजमगढ मण्डल को 2–1 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश की। इस अवसर पर मो0 आरिफ नजमी, प्रतियोगिता आबजर्वर फुटबाल संघ, हाजी मुनौवर अली सचिव जिला फुटबाल संघ, ओमेन्द्र सिंह अध्यक्ष जिला हॉकी संघ, राजीव जायसवाल, अखिलेश खरवार, भूपेंद्र नाथ, रितेश दास, सोनिया कुमारी, रीमा यादव, संजय सिंह, मनोज यादव, मोईन अली,ल एवं जनपद के खेल प्रेमी उपस्थित रहें। अन्त में डीपी सिंह क्रीडाधिकारी स्पोर्ट्स स्टेडियम में उपस्थित सभी खिलाडियों एवं खेल प्रेमियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मोदी ने बच्चे के कंधे पर हाथ रखकर कविता सुनी, 4 वंदेभारत को हरी झंडी दिखाई



वाराणसी,संवाददाता। पीएम मोदी ने वाराणसी से चार वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा, "अब तो विदेशी यात्री भी वंदेभारत को देखकर अचंभित होते हैं। वंदेभारत भारतीयों की, भारतीयों द्वारा और भारतीयों के लिए बनाई गई ट्रेन है। पहले क्या हम ये कर सकते थे? ये सब तो विदेश में होता था। अब हम कर रहे हैं हमारे यहां बन रही हैं न।" पीएम मोदी ने 'नमः पार्वती पतये' से भाषण की शुरुआत की। करीब 18 मिनट तक संबोधन दिया। पीएम ट्रेन में स्कूल के छात्रों से भी मिले। उन्होंने बच्चों से बातचीत की। इस दौरान एक बच्चे ने पीएम को कविता सुनाई। पीएम ने बच्चे के कंधे पर हाथ रखकर कविता सुनी। बच्चे का उत्साह बढ़ाने के लिए वे लगातार चुटकी बजाते रहे। पीएम ने जिन ट्रेनों की शुरुआत की, वे वाराणसी से खजुराहो, फिरोजपुर–दिल्ली, एर्नाकुलम–बेंगलुरु और लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलेंगी। वाराणसी को यह 8वीं वंदे भारत ट्रेन मिली है। वाराणसी में मोदी का यह इस साल का 5वां और यहां के सांसद रहते 53वां दौरा है। पीएम शुक्रवार शाम 5 बजे वाराणसी पहुंचे। वे एयरपोर्ट से बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) गेस्ट हाउस तक सड़क मार्ग से पहुंचे। 27 किमी लंबे इस रूट पर जगह–जगह भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम का स्वागत किया। पीएम ने कहा, "हमारे भारत में सदियों से तीर्थ यात्राओं को देश की चेतना का माध्यम माना गया है। ये यात्राएं केवल देवदर्शन का मार्ग नहीं हैं बल्कि भारत की आत्मा को जोड़ने वाली पवित्र परंपरा हैं। प्रयागराज, अयोध्या, हरिद्वार, चित्रकूट, कुरुक्षेत्र जैसे अनगिनत तीर्थ क्षेत्र हमारी आध्यात्मिक धारा के केंद्र हैं। आज जब ये पावन धाम वंदे भारत के नेटवर्क से जुड़ रहे हैं तो यह भारत की संस्कृति, आस्था और विकास को जोड़ने का काम कर रहा है। यह भारत की विरासत वाले शहरों को देश के विकास का प्रतीक बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। पीएम ने कहा, "दुनियाभर के विकसित देशों में आर्थिक विकास का सबसे बड़ा कारण वहां का इन्फ्रास्ट्रक्चर है। अब मान लीजिए कोई इलाका है जहां ट्रेन नहीं जाती। वहां जैसे ही रेलवे लाइन बन जाएगी, ट्रेन चलने लगेगी, तो उसका विकास शुरू हो जाएगा। कितने एयरपोर्ट बने, कितनी वंदेभारत ट्रेनें चल रही हैं, कितने देशों से हवाई जहाज आ रहे हैं यह सब भी बहुत जरूरी है। आज भारत इसी कड़ी में तेजी से विकास कर रहा है। वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं। ये भारतीय रेलवे को बदलने का एक बड़ा अभियान है।" शुभम ने कहा, "पहली बार ट्रेन में बैठने का अनुभव ही अलग होता है। खजुराहो जाने को लेकर मन और भी उत्साहित है। खजुराहो में भी चंदेल वंश ने विश्वनाथ मंदिर की स्थापना कराई थी। यह काशी विश्वनाथ और खजुराहो विश्वनाथ का संगम हो रहा है।" पतंजलि पांड्येय ने कहा–हमें बहुत अच्छा लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई है। हम इसका पहला सफर कर रहे हैं। सांस्कृतिक दृष्टि से काशी और खजुराहो, दोनों ही स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्टेशनों का किया निरीक्षण,सिग्नेचर ब्रिज की डिजाइन पूरी



वाराणसी,संवाददाता। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को वाराणसी के तीन प्रमुख रेलवे स्टेशनों–बनारस, वाराणसी और काशी स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं और चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। रेल मंत्री ने कहा कि तीनों स्टेशनों को जोड़कर एक मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा, जिसमें यात्रियों की जरूरतों और वाराणसी की हेरिटेज पहचान को ध्यान में रखकर विकास कार्य किए जाएंगे। अश्विनी वैष्णव वंदे भारत एक्सप्रेस के बनारस से खजुराहो तक के नए रूट के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए वाराणसी पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे हो सकें। रेल मंत्री ने तीनों स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्यों के मॉडल को भी देखा और कहा कि इन स्टेशनों का विकास दिल्ली रेलवे स्टेशन की तर्ज पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वाराणसी रेलवे स्टेशन पर स्थायी होल्डिंग एरिया बनाया जाएगा, जिससे बड़े त्योहारों, आयोजनों या तीर्थ यात्राओं के समय यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अपने दौरे के दौरान रेल मंत्री ने न केवल स्टेशनों की सुविधाओं का निरीक्षण किया, बल्कि रेलवे कॉलोनी में जाकर कर्मचारियों और उनके परिवारों की स्थिति की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि रेलवे कर्मियों के लिए भी बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। रेल मंत्री ने जानकारी दी कि वाराणसी रेलवे स्टेशन पर रोपवे स्टेशन भी विकसित किया जा रहा है। इसे बनारस स्टेशन से जोड़ने की योजना तैयार की जा रही है ताकि यात्रियों के आवागमन में कोई दिक्कत न हो। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि काशी रेलवे स्टेशन को एक बड़ा जंक्शन स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां से नई ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। विशेष रूप से बनारस स्टेशन से दक्षिण भारत की ओर जाने वाली गाड़ियों को चलाने की योजना पर भी काम शुरू हो गया है। रेल मंत्री ने कहा कि मालवीय पुल पर बनने वाले सिग्नेचर ब्रिज की डिजाइन पूरी हो चुकी है और इसका कार्य बहुत जल्द शुरू होगा। उन्होंने बताया कि यह पुल देश का सबसे बड़ा ब्रिज होगा, जिसमें चार रेलवे लाइनें और छह हाइवे लेन होंगी। यह पुल वाराणसी के विकास और यातायात व्यवस्था के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। मंत्री ने कहा कि इस परियोजना में हाइवे पर चलने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री के साथ राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, विधायक सौरभ श्रीवास्तव सहित कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ रेलवे अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री को मीनाकारी की वंदेभारत का गिफ्ट,सीएम ने भेंट की 4 किलो वजनी ट्रेन

वाराणसी,संवाददाता। वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दौरे के दूसरे दिन चार वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसमें वाराणसी की आठवीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी शामिल है, जो बनारस से खजुराहो तक चलेगी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का स्वागत सीएम योगी आदित्यनाथ ने मीनाकारी की वंदे भारत ट्रेन भेंट में दी। 4 किलो वजन की यह ट्रेन अपने आप में अद्भुत है। वाराणसी में मीनाकारी मुगलों के जमाने से आई, लेकिन वक्त के साथ इसके कारीगरों ने इस काम को बंद कर दिया था। काशी में बतौर सांसद अपनी 53वीं यात्रा पर नरेंद्र मोदी को नई वंदे भारत की सौगात देने के पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने जीआई उपहार काशी वासियों की तरफ से देकर अभिनंदन किया। जीआई मैन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर पद्मश्री डॉ. रजनीकांत ने बताया कि वाराणसी में प्रधानमंत्री का दौरा लगा तो हमें जानकारी हुई, इसके बाद तैयारी शुरू हो गई। वंदे भारत के इनॉग्रेशन को लेकर कुछ विशेष क्राफ्ट ही देना है। चूंकि वंदे भारत ट्रेन का इनोग्रेशन था और काशी खजुराहो का शिव और शिल्प से हजारों वर्षों का नाता है। इसपर मंथन शुरू हुआ।डॉ. रजनीकांत ने बताया इसपर हमने भैरव गली निवासी राज्य पुरस्कार प्राप्त शिल्पी अमरनाथ वर्मा और उनके बेटे अरुण को जिम्मेदारी दी। एक सप्ताह की कड़ी मेहनत से 2 फुट से अधिक लंबी ट्रेन तैयार हुई। मीनाकारी क्राफ्ट की वंदे भारत ट्रेन का मॉडल तैयार कर दिया गया। लकड़ी के बड़े बेस पर स्थापित मेटल वाली इस मीनाकारी ट्रेन का वजन लगभग 4 किलोग्राम है। इस पर बारीकी से कलात्मकता कारीगरी की गई है। जिसे प्रधानमंत्री ने काफी सराहा। आर्टिजन अरुण कुमार ने बताया कि हम लोगों का हौसला बढ़ाने, कारोबार में तेजी लाने और पूरी दुनिया में काशी के जीआई शिल्प को ले जाने में प्रधानमंत्री की बहुत बड़ी दूर दृष्टि है। इसका सीधा असर अब व्यापार पर दिखाई पड़ रहा है। इतना ऑर्डर है की सप्लाई नहीं हो पा रही है। पहले ऑर्डर ही नहीं था। शिल्पी अपने दम पर काम कर रहे हँ। यही लोकल से ग्लोबल होने का फायदा है।

# लखनऊ पुलिस की बड़ी सफलताः मडियांव में बंद मकानों में चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

लखनऊ(संवाददाता)। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के उत्तरी जोन अंतर्गत थाना मडियांव पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों आरोपी बंद पड़े मकानों का ताला तोड़कर चोरी करते थे और चोरी किए गए कीमती आभूषणों को बेचकर विलासिता भरा जीवन जीते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में सोने–चांदी के गहने और एक पचीवदम मोबाइल फोन बरामद किया है।थाना मडियांव पुलिस टीम शनिवार को मिठौली तिराहे के पास क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी।

# पोषण भी, पढाई भी योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं के साथ–साथ शालापूर्व शिक्षा को भी आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम से सुढ किये जाने के उद्देश्य से पोषण भी, पढ़ाई भी योजना अंतर्गत जनपद के समस्त आंगनबाडी कार्यकत्रियों को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में ब्लाक परियोजना स्तर पर 100–100 के बैच में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण दस नवंबर से प्रारम्भ होकर 26 नवंबर तक ब्लाक परियोजना स्तर पर दिया जायेगा। प्रथम चरण में 10 नवंबर से 07 ब्लाक, परियोजना यथा मुहम्मदाबाद, रानीपुर, परदहां, शहर, रतनपुरा, घोसी एवं बडरांव में तथा द्वितीय चरण में 17 नवम्बर से 03 ब्लाक, परियोजना यथा कोपागंज, फतेपुरमण्डांव तथा दोहरीघाट में तैनात आंगनबाडी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण स्थल सम्बन्धित ब्लॉक, परियोजना का विकास खण्ड स्थित सभागार तथा घोसी का बीआरसी घोसी एवं शहर का डायट प्रशिक्षण केन्द्र होगा। प्रशिक्षण का समय पूर्वान्ह 10 बजे से अपराह्न 05 बजे तक रहेगा। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षणार्थियों को नाश्ता एवं भोजन की भी व्यवस्था है। उपरोक्त प्रशिक्षण सम्बन्धित ब्लाक, परियोजना के बाल विकास परियोजना अधिकारी (कोर्स डायरेक्टर) की देख–रेख में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर (एसएनएमटी) के रूप में प्रशिक्षित बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविका द्वारा प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का अनुश्रवण जिला कार्यकम अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

# रामगांव थाना पुलिस ने चोरी के माल सहित तीन अभियुक्तों को पकड़ा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व से वांछित अभियुकों की गिरतारी हेतु दिये गये दिशा निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी महसी के निर्देशन में थानाध्यक्ष मदनलाल के कुशल नेतृत्व में गठित टीम वरिष्ठ उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार यादव मय हमराह उपनिरीक्षक संजीव चौहान, उ0नि0 दुर्गेश कुमार वर्मा, उ०नि० रामप्रवेश यादव व हे०का० जयसिंह, हे०का० ओमनाथ पटेल, हे०का० भगवान दास यादव, का० आशुतोष कुमार, का० राजकुमार गौतम व का० सत्यानन्द यादव द्वारा मुखबिर खास की सूचना प्राप्त हुई कि तीन संदिग्ध व्यक्ति कुछ सामान के साथ वलवापुर चौराहे से बहराइच की तरफ जा रहे है सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा अकिलापुर चौराहे के पास से अभियुक्तगण सय्यद अली उर्फ कन्हैया पुत्र वारिस अली उम्र करीब 28 वर्ष निवासी नउवन टेपरी दा० खसहा मोहम्मदपुर थाना रामगाँव, नफीस अली पुत्र भोगल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी नउवन टेपरी दा खसहा मोहम्मदपुर थाना रामगांव, अहमद अली पुत्र दुबरी उम्र करीब 20 वर्ष निवासी बर्दही बाजार थाना खैरीघाट को 35 अदद मोबाइल फोन व एक बण्डल बिजली का तार, 01 अदद बैट्रा, 20 अदद नट बोल्ट 09 अदद हुक, 04 अदद लोहे की कील, 01 अदद सीलिंग पंखा सेट. 01 अदद सबरी, 01 अदद रुखानी, 01 अदद हथौड़ी, 02 अदद प्लास, 01 अदद कटर लोहे की, 01 अदद लोहे की राड छोटा, 08 अदद बड़ी चाभी, 01 अदद विभिन्न चाभियों का गुच्छा, 2000 रुपये नगद व 01 अदद मोटरसाइकिल के साथ गिरतार किया गया। बरामदशुदा माल के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजी.त मु०अ०स० 288/25 धारा 303(2) बी०एन०एस० व मु०अ०सं० 323/25 धारा 303(2) बीएनएस व मुअस 403/25 धारा 305(ए) बीएनएस व सभी अपराधों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुये सफल अनावरण किया गया। गिरतारशुदा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ रवाना किया गया।

# राजस्व के जनक राजा टोडरमल का मनाया 436 वां परिनिर्वाण दिवस



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। राजा टोडरमल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवादल के पदाधिकारियों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजस्व के जनक राजा टोडरमल जी के 436 वें परिनिर्वाण दिवस पर राजा टोडरमल पार्क निकट पुलिस क्लब कलेक्ट्रेट कचेहरी में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में सिटी मजिस्ट्रेट .ष्णा नन्द तिवारी व पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि के रूप में सिविल लाइन चौकी प्रभारी ज्योति विश्नोई, विशिष्ट अतिथि हरदोई जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाकांत पटेल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कार्यक्रम में पहुंचकर राजा टोडरमल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथियों व विशिष्ट अतिथियों को बुके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथियों ने राजा टोडरमल के जीवन परिचय और .तित्व पर प्रकाश डाला। संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय पुरी ने कहा कि राजा टोडरमल जी की पुण्यतिथि देश में कई जगह मनाई गई। वही फतेहपुर सीकरी में भी मनाई गई। राजा टोडरमल अकबर के दरबार के नवरत्नों में एक थे। तुलसीदास के परममित्र थे। उन्होंने भू–पैमाईश में अपनी महती भूमिका निभाई थी और बंदोबस्त व्यवस्था लागू किया। जिससे राजस्व विभाग में मापक यंत्रों गुनिया, जरीब, गट्ठा, जमीनों को छोटे छोटे टुकड़ों विश्वा, बीघा में परिवर्तित किया। जो आज भी लागू है जिस पर पूरा राजस्व विभाग चलता है। साथ साथ कहा पार्क के अंदर पांच वर्ष से लाइब्रेरी बंद पड़ी है जिसमें कबाड़ भरा हुआ है उसे खाली कराने व पार्क का सौंदर्यीकरण कराने व लालबाग से आंख अस्पताल मार्ग को टोडरमल के नामकरण कराने की मांग सिटी मजिस्ट्रेट से की गई। जिस पर संस्था को मांगे जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री प्रीती पुरी, संरक्षक प्रेमनाथ पुरी, मानस मेला अध्यक्ष संरक्षक विश्वंभर तिवारी, सांस्तिक रंगमंच प्रदेश अध्यक्ष व तत्सत सेवा संस्थान अध्यक्ष अभय श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष एड शिवनाथ मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी सन्तोष कुमार राव, जिला संयोजक रामकुमार शुक्ला, विनयपुरी, पिछड़ा वर्ग महिला अध्यक्ष इंदूरानी, विधि सलाहकार अजीत श्रीवास्तव, जिला कार्यकारिणी सदस्य खिलाड़ी शाह, सदस्य अवनीश कुमार, सदस्य अंकित जायसवाल, लहरपुर तहसील महामंत्री सौरभ तिवारी, महिला अध्यक्ष सुमन शुक्ला, ऋचा त्रिपाठी, एडवोकेट अरुण राज, गजेटियर अरुणेश मिश्रा जितेंद्र कुमार, शायर मुजीब सीतापुरी, सुशील तिवारी सहित सैकड़ो गणमान्य उपस्थित रहे।

# काशी में पीएम का भोजपुरी अंदाज, बोले- आप सब लोगन के हमार प्रणाम

वाराणसी,संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने नमः पार्वती पतये हर–हर महादेव के जयकारे से स्पीच की शुरुआत की है। भोजपुरी में कहा– बाबा विश्वनाथ के ई पावन नगरी में आप सब लोगन के हमार प्रणाम। देव दीपावली पर देखनी कि केतना अद्भुत आयोजन भइल। हम ई विकास पर्व के आप सब लोगन के शुभकामना देत हईं। मोदी ने कहा कि आज वंदे भारत, नमो भारत, अमृत भारत ट्रेनें भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव रख रही हैं। पिछले 11 साल में यूपी में हुए विकास कामों की वजह तीर्थाटन नए मुकाम पर पहुंचा है। पिछले साल 11 करोड़ श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन को काशी आए। वहीं, राम मंदिर निर्माण के बाद 6 करोड़ से ज्यादा लोग दर्शन–पूजन को पहुंचे। इससे यूपी की अर्थव्यवस्था को हजारों करोड़ का लाभ हुआ। होटल, परिवहन, नौकायन, पर्यटन, बनारसी साड़ी समेत छोटे व्यापारियों को इसका सीधा फायदा मिला। आज बनारस के सैकड़ों नौजवान ट्रांसपोर्ट, बनारसी साड़ी समेत नए व्यापार शुरू कर रहे हैं। काशी में समृद्धि का द्वार खुल रहा है।

# सभी पात्र मतदाता सूची में दर्ज कराएं अपना नाम : नवदीप

**- बीएलओ घर-घर आकर देंगे फार्म, परिजनों का जुटाएंगे ब्योरा**

**- प्रथम सूची 9 दिसंबर व अंतिम सूची का 7 फरवरी को होगा प्रकाशन**




न्यूज वाणी ब्यूरो

फ़तेहपुर। बिहार के बाद उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यो में चुनाव आयोग की तरफ से चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत शुद्ध निर्वाचक नामावली के लिए चलाया जा रहा अभियान 4 नवम्बर से शुरू हो चुका है। वोटर लिस्ट में नाम अपडेट कराने के लिए बूथ लेवल ऑफिसर यानी बीएलओ घर घर जाकर लोगों को गणना फार्म देकर परिवार के सदस्यों का ब्योरा जुटाएंगे व आवश्यक दस्तावेज़ों को जमा करेंगे। शिट हुए वोटरों या मत्यु हो चुके वोटरों के नाम हटाये जाएंगे। प्रपत्रों के आधार पर नये नाम जोड़े जाएंगे। इस तरह नवीन मतदाता सूची में नाम शामिल होंगे। सभी नामो को शामिल करने के बाद राज्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से 9 दिसंबर को प्रथम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। प्रदेश के अन्य जनपदों की तरह जिले में भी एसआईआर अभियान शुरू हो चुका है जिसको लेकर लोगों में भी उत्साह देखने को मिल रहा। बीएलओ द्वारा फार्मो को भरवाने का कार्य शुरू हो चुका है वही लोग पुरानी लिस्ट में अपना व अपने परिजनों का नाम ढूंढ कर नये अपने नाम को शामिल कराने के लिये आवश्यक दस्तावेज़ एकत्र कर रहे है। चुनाव आयोग द्वारा अवश्यक प्रपत्रों के साथ 2003 की मतदाता सूची को भी वैध माना है 2003 की सूची में दर्ज नाम वाले मतदाताओं को केवल अपना फार्म और सूची से सम्बंधित कॉपी ही लगानी होगी जोकि मान्य दस्तावेज़ है। राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता भी लोगो के फार्म एकत्र कर बीएलओ तक पहुँचने में सहयोग कर रहे है।

**मुख्य राज्य निर्वाचन अधिकारी ने की अपील**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने प्रदेश के मतदाताओं से लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से शुद्ध निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है। जिसमे कहा है कि मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण शुरू हो चुका है। बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ अपने–अपने क्षेत्रों में घर–घर जाकर यह गणना फॉर्म मतदाताओं को दे रहे हैं। मतदाता गणना फॉर्म को ध्यानपूर्वक भरकर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को वापस दें। सभी मतदाता समय पर अपना फॉर्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं ताकि किसी का नाम सूची से छूटे नहीं।

**मतदाता घर पर नहीं है तो सदस्य दे सकेंगे ब्यौरा**

यदि कोई मतदाता घर पर नहीं हैं तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य सभी सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राट वोटर लिस्ट में सम्मिलित किए जाएंगे।

**9 दिसंबर को प्रकाशित होगी पहली सूची**

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाताओं के नाम शामिल करने के पश्चात उनके नामो का प्रकाशन की पहली सूची 9 दिसम्बर को प्रकाशित की जा सकेगी।

**नाम छूटने पर चलेगा दूसरा चरण**

जिन पात्र नागरिकों का नाम 2023 की मतदाता सूची में नहीं है, उनके लिए दूसरा चरण चलेगा। जहां ईआरओ/एसडीएम कार्यालय द्वारा 9 दिसंबर के बाद नोटिस जारी कर सत्यापन किया जाएगा।

**यह प्रमाण होगे मान्य**

मतदाता भारत का नागरिक है इसके लिए कोई वैध दस्तावेज़ आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल आदि प्रस्तुत किया जा सकता है।

**मृत्यु या विलोपित की देनी होगी जानकारी**

ऐसे मतदाताओं के नाम, जिनकी मृत्यु हो चुकी है या जो स्थायी रूप से अन्य स्थान पर शिट हो चुके है उनके परिवार के सदस्य येलो फॉर्म के माध्यम से बीएलओ को सूचना देंगे जिससे ताकि त्रुटिपूर्ण नाम सूची से हटाए जा सकें।

राजनैतिक दल भी हुए सक्रिय

राज्य निर्वाचन की अपील के बाद जनपदों में सभी राजनैतिक दलों के लोगो ने भी वोटर लिस्ट में सभी के नाम शामिल कराने के लिए सक्रिय भागीदारी दिखने लगी है। सत्तारूढ़ बीजेपी के अलावा कांग्रेस, सपा बसपा, लोकदल अपना दल समेत अन्य पार्टियो से जुड़े लोग अपने अपने वोटरों के लोगो के नाम लिस्ट में शामिल कराने के लिये मतदाता प्रपत्र लेकर उन्हें बीएलओ के पास पहुचाने में सक्रिय दिखने लगे है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी इस अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं, ताकि निर्वाचक नामावली अधिकतम सटीक और पारदर्शी बन सके।

**7 फरवरी को होगी अंतिम सूची प्रकाशित**

सभी मतदाताओ के फार्म प्राप्त होने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा 7 फरवरी 2026 को त्रुटि रहित अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जायेगी।

**अंतिम सूची में शामिल मतदाता ही माने जाएगें वैध वोटर**

राज्य चुनाव आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के बाद प्रपत्रों के नामो की जांच के बाद अंतिम मतदाता सूची में शामिल नाम ही वैध वोटर माने जाएंगे यही वोटर ही 2027 के विधानसभा व 2029 के लोकसभा चुनाव में मतदान कर सकेंगे।

# कांग्रेस ने चलाया वृहद संगठन सृजन अभियान

***- गांव पहुचे वरिष्ठ पदाधिकारी, आज जिले में होगी बड़ी बैठक***

***- एसआईआर के मुद्दे को जन जन तक पहुंचाने का बनाया लक्ष्य***



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शनिवार को ब्लॉक बहुआ अन्तर्गत विभिन्न गांवों में पहुंचे जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी और साथ में शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने सबसे पहले बहुआ नगर पंचायत में कांग्रेस कमेटी के सक्रिय पदाधिकारियों से मुलाकात की। वहीं बहुआ देहात ग्राम पंचायत सुजानपुर में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष और कांग्रेस की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हेमलता पटेल से वार्ता बैठक हुई। जहां जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष और बहुआ ब्लॉक अध्यक्ष शबनम एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवी प्रकाश दुबे भी मौजूद रहे। बैठक में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में भी बिहार की तरह ही एसआईआर कार्यक्रम लागू किए जाने की योजना चल रही है। जिसका कांग्रेस सहित अधिकतम सभी दल विरोध कर रहे हैं क्योंकि एसआईआर द्वारा लाखों वास्तविक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाकर चुनाव जीतने का कुचक्र वर्तमान बीजेपी सरकार द्वारा चला जा रहा है। जिसमें चुनाव आयोग उसका साथ दे रहा है। अभी बिहार में भी 65 लाख से अधिक लोगों का नाम हटाया गया है। जीवित लोगों को भी मृत दिखाकर नाम काटे गए हैं जो लोग बाद में सुप्रीम कोर्ट तक गए। जिले में कांग्रेस जन–जन तक पहुंचेंगी और लोगों को एसआईआर की सोची समझी साजिश से जागरूक कराएगी। ताकि लोगों की लोकतांत्रिक शक्ति बरकरार रहे। गलत तरीके से खास वर्ग समूह के मतदाताओं के नामों को टारगेट न किया जाए। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने बताया कि नौ नवंबर को रोडवेज वर्कशॉप के सामने एक लॉन में कांग्रेस कमेटी की बैठक आहूत की जाएगी जिसमें आगामी रणनीति बनेगी। इस दौरान कांग्रेस द्वारा संगठन सृजन अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसमें मंडल व बूथ स्तर तक कांग्रेस के सक्रिय लोगों की नियुक्ति की जा रही है और लोगों को जन–जन तक कांग्रेस की नीतियों से अवगत कराया जा रहा है।

# एसआईआर के जरिए फर्जी मतदाताओं को किया जाएगा बाहर : मुखलाल



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के गाजीपुर में भारतीय जनता पार्टी ने मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला आयोजित की। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने उपस्थित बूथों, शक्ति केंद्रों सहित असोथर, गाजीपुर, बहुआ मंडल के पदाधिकारियों को आयोग की संचालित मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम में संगठनात्मक विमर्श व जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में एसआईआर चलाया गया है। जिसमें बड़े पैमाने पर फर्जी तरीके से बनें मतदाताओं को चिन्हित कर उन्हें बाहर किया जा रहा है। स्थानीय विधायक विकास गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि जो लोग दुबई में रह रहे हैं और वोट के समय ही सिर्फ गांव नगर में आते हैं उन्हें बूथ अध्यक्ष व बीएलओ द्वारा बड़ी ही सतर्कता से परख कर वोटर लिस्ट से नाम विलोपित कराने में योगदान देना है। अभियान के जिला संयोजक मनोज मिश्रा ने कहा कि आज संगठन के पास प्रत्येक बूथ पर अध्यक्ष, बीएलओ के साथ ही बूथ समिति है। बस सभी को पुनरीक्षण में यथाउचित योगदान देना है। कार्यशाला में अर्चना त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह, देवराज सिंह, सुरेश परमार, सुधीर मिश्रा, संजय हाडा, विनोद पांडेय, राममहेश निषाद, निर्मल चौहान, अरिमर्दन सिंह, शिव प्रताप सिंह, गौरव सिंह गौतम, राज पांडेय, नीतू तिवारी, साहिल शर्मा, विनोद भारती सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अगर मतदाता घर पर न मिले तो दी जाएगी नोटिस

***- उसके बाद मतदाता सूची से किए जाएंगे बाहर***



न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) में प्रत्येक मतदाता को तलाशने के लिए चुनाव आयोग कोई कोर–कसर नहीं छोड़ने वाला है। मतदाता के घर पर न मिलने की दशा में बीएलओ तीन बार उनके घर पहुंचेंगे। तीसरी बार भी न मिला तो उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट दी जाएगी।

मतदाता को निर्वाचन कार्यालय से नोटिस भेजकर एसआइआर की प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा। उक्त नोटिस मतदाताओं के घरों पर चस्पा की जाएगी। एसआइआर के जरिए मतदाता सूची में व्याप्त खामियों को बारीकी से दूर करने के लिए मतदाता अपनी फोटो स्वयं निर्धारित फार्म पर ही चस्पा करेंगे। इससे वे अपने मतदाता पहचान को पुख्ता कर सकेंगे। एसआइआर को लेकर मतदाता सूची को फ्रीज कर दिया गया। चुनाव आयोग के निर्देश पर सूची में नाम पढ़ने, बढ़ाने और संशोधन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। एसआइआर के लिए बूथ लेबल आफिसर (बीएलओ), ईआरओ व एईआरओ को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। चार नवंबर से एसआइआर आरंभ है। जिला निर्वाचन कार्यालय से नामित बीएलओ घर–घर पहुंचकर मतदाताओं को फार्म वितरित कर रहे हैं। इसके तहत बीएलओ मतदाताओं के घर तीन बार जाएंगे। बीएलओ जब घर पर जाते हैं तो कई बार मतदाता उपलब्ध नहीं होते या कहीं बाहर गए होते हैं इससे लिंकिंग में वक्त लगता है। ऐसे में बीएलओ समस्त घरों में तीन बार जाएंगे। प्रवासी मतदाताओं की समस्या हल करने को यह प्रक्रिया आनलाइन भी की जा सकती है। शहरी मतदाता दिन में कार्यालय में रहते हैं इसलिए वे भी आनलाइन प्रक्रिया अपना सकते हैं। बीएलओ की जिम्मेदारी होगी कि जब वे एन्यूमरेशन (वोट गणना) फार्म दें तो मतदाता उसे हस्ताक्षर करके वापस करें। यदि मतदाता मृत या स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गया है, एक से अधिक स्थानों पर पंजी.त है, तो वो फार्म पर हस्ताक्षर नहीं कर पाएगा। ऐसे वोटर की पहचान करना बीएलओ की जिम्मेदारी होगी। एईआरओ को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र नागरिक छूटे नहीं और कोई भी अपात्र व्यक्ति शामिल न होने पाए। वहीं उपजिलाधिकारी अभिनीत कुमार एवं तहसीलदार शैल कुमारी ने बताया कि वृद्ध, बीमार, अशक्त व्यक्तियों को मतदाता सूची में शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जो भी मतदाता मृत हो गए है। ऐसे लोगो का नाम हटाए जाएंगे।

# संविधान से देश तरक्की करेगा : नरेश उत्तम



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के सांसद नरेश उत्तम पटेल ने बिंदकी कस्बे में आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी देशवासियों को संविधान पर भरोसा करना चाहिए। इसी से देश चलेगा और तरक्की करेगा। लोगों ने सांसद से कच्चे मार्ग को पक्का मार्ग बनवाने की मांग किया। सांसद ने लोगों को आश्वस्त किया कि जल्द ही मार्ग को पक्का बनाने का काम किया जाएगा।

बिंदकी कस्बे के गढ़ी तालाब के पास स्थित एक स्कूल में सांसद नरेश उत्तम पटेल शनिवार की दोपहर पहुंचे। जहां उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि संविधान में भरोसा करना चाहिए। लोकतंत्र में भरोसा करना चाहिए। संविधान के अनुसार चलने से ही देश का तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा का जीवन में विशेष महत्व है। शिक्षा के माध्यम से ज्ञान अर्जित करके नौकरी और रोजगार किया जा सकता है जिसके माध्यम से आर्थिक उन्नति होगी और व्यक्ति आर्थिक रूप से मजबूत होगा। उपस्थित लोगों ने सांसद नरेश उत्तम पटेल से गढ़ी तालाब से लेकर स्कूल होते हुए आगे नहर तक के लगभग डेढ़ किलोमीटर के कच्चे गड्ढा युक्त मार्ग को पक्का बनवाए जाने की मांग किया। सांसद ने आश्वासन किया कि जल्द ही मार्ग को पक्का बनाए जाने का काम किया जाएगा ताकि आवागमन सुगम हो सके। इस मौके पर सपा नेता महेंद्र बहादुर उर्फ बच्चा सिंह, गणेश वर्मा, रामेश्वर दयाल दयालू गुप्ता, धर्मपाल सिंह पटेल, जगदीश उर्फ जालिम सिंह एडवोकेट, अनिरुद्ध यादव, सियाराम यादव, उपेंद्र सिंह एडवोकेट, नवाब हुसैन एडवोकेट, शोएब, मौलाना मतलूब रहमान, सैफ खान, मनोज कुमार, बाबूलाल यादव, अमान खान भी मौजूद रहे।

# सेंट मैरी स्कूल के वार्षिकोत्सव में नन्हे-मुन्हें बच्चो ने मचाया धमाल



न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के सेंट मैरी स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रयागराज से पधारे लुईस मसकरनहस ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद स्कूल के छात्र–छात्राओं ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर आए हुए अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता पर आकर्षक नाटक प्रस्तुत किया। जिसमें जल बचाने तथा हरे–भरे वृक्षों को संरक्षित रखने का संदेश दिया गया। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। राष्ट्रीय गीत और देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्ःतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। अभिभावकों ने बच्चों के उत्साह पर तालियों की गड़गड़ाहट से उनका हौसला बढ़ाया। मुख्य अतिथि लुईस मसकरनहस ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को ऐसी उपयोगी गतिविधियों के आयोजन के लिए बधाई दी। फादर रजत ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का भी विकास करना है। कार्यक्रम के अंत में उत्ःष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्ःत किया गया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज अनीश सिंह, प्रेम नारायण शर्मा, अष्वनी त्रिपाठी, फादर सुमित, मुकेश कुमार सहित कई स्कूलों के प्रिंसपल मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर पलटने से पिता की दबकर मौत, बेटा घायल



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। तेज रतार अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से सवार चालक ने कूदकर जान बचा लिया। सब्जी व्यापारी की मौत हो गई और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को हटाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के खागा रोड पर कामिनी मैरिज हाल के समीप शनिवार को दोपहर तीन बजे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली खंदक में पलटी गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक पतिराखन पुत्र जयपाल निवासी रामपुर ने कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रैक्टर में बैठे पिता बेला सोनकर पुत्र राम आसरे उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड 01 खटीकाना की मौके पर दबकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का पुत्र 25 वर्षीय पुत्र प्रदीप सोनकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को 108 एम्बुलेंस के मदद से नजदीकी अस्पताल हरदो में भर्ती कराया। चालक पतिराखन ने बताया कि वह किशनपुर से धाता थाना क्षेत्र के डेंडासई लेंटर डालने का माल लेने जा रहा था। तभी रास्ते पर कुछ मवेशी बैठ थे। अचानक एक बाइक गई जिसको बचाने में ट्रैक्टर का ब्रेक लगाया तो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके नीचे दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और इनका पुत्र घायल हो गया। थाना प्रभारी सत्यदेव गौतम ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक व्यक्ति की दबकर मौत हुई और मृतक का पुत्र घायल हो गया है। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

# अंतिम संस्कार में गया युवक यमुना में डूबा, तलाश जारी



न्यूज वाणी ब्यूरो

विजयीपुर, फतेहपुर। किशनपुर कस्बा निवासी एक युवक शनिवार की दोपहर किशनपुर यमुना घाट में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने गया था। अंतिम क्रिया के बाद यमुना में नहाने लगा, तभी अचानक डूब गया। सूचना पर गोताखोरों और नाविकों ने काफी खोजबीन की परंतु कोई पता नहीं चल सका।जानकारी के अनुसार किशनपुर कस्बा निवासी भाजपा नेता रामराज सिंह के पुत्र विवेक सिंह की बीमारी से मौत हो गई थी। शनिवार की दोपहर अंतिम संस्कार में शामिल होने गए कस्बा निवासी युवक भूपेंद्र सिंह (35) पुत्र स्व० महेंद्र सिंह अंतिम संस्कार होने के बाद यमुना घाट में नहाने के लिए नदी में छलांग लगा दी, परंतु बहुत देर तक ऊपर नहीं दिखाई दिया तो मौजूद दोस्तों ने शोर–शराबा मचाया। घटना की सूचना पर पहुंचे नाविक और गोताखोरों ने काफी खोजबीन की परंतु भूपेंद्र सिंह का कोई पता नहीं चल सका। घटना के बाद से कस्बा में कोहराम मचा रहा। मोहल्लेवासियों ने बताया काफी समय से भूपेंद्र का पत्नी अंजू से अनबन चल रहा था जिसके चलते पत्नी बच्चों के साथ मायके में रह रही थी जो घटना के बाद सूचना पर रोती–बिलखती घटनास्थल पहुंची। किशनपुर थाना प्रभारी सत्यदेव गौतम ने बताया कि यमुना में लापता युवक की खोजबीन कराई गई है, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ बुलाने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

# हर शोषित वंचित तबके की आवाज है बसपा : संदीप



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुजन समाज पार्टी की सदर विधानसभा के कुसुंभी सेक्टर में बैठक आयोजित हुई। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष व वर्तमान जिला प्रभारी संदीप जडेजा ने कहा कि प्रदेश ही नहीं पूरे देश के हर एक शोषित, वंचित के हक और अधिकारों के लिए लड़ने वाली अगर कोई पार्टी है तो वह सिर्फ बसपा है जो प्रदेश में एक बार नहीं चार–चार बार करके दिखा चुकी है। जब–जब बसपा की सरकार बनी है तब–तब सर्वसमाज समाज के लोगों ने शांति व सुरक्षित जीवन जिया, लेकिन जब से बसपा की सरकार प्रदेश में नहीं है तब से गुंडाराज अपने चरम पर है। समाज का कोई भी वर्ग सुरक्षित नहीं है इसलिए अब बसपा की सरकार बनाना बहुत जरूरी हो गया है। बैठक में डॉ हेमराज वर्मा, मो. मुस्तफा, रामप्रताप पाल, चेतराम गौतम, सर्वेश गौतम, सतेंद्र गौतम, डॉ. मनमोहन, मनोज कुमार गौतम, श्यामचंद्र, अमित शाह, मोहित कुमार के अलावा सेक्टर बूथ के लोग मौजूद रहे।

# घरेलू विवाद के चलते अधेड़ ने फांसी लगा दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। घरेलू विवाद के चलते एक अधेड़ ने मंदिर परिसर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। लोगों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। हालांकि जीवित रहने की आशा पर उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत खजुहा कस्बे के समीप पंथेश्वरी मंदिर परिसर में घरेलू विवाद के चलते अधेड़ राम बिहारी 50 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामसनेही निवासी कस्बा खजुहा कोतवाली बिंदकी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। परिजन रो–रोकर बेहाल हो रहे थे। हालांकि अधेड़ के जीवित रहने की आशा पर परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शुक्रवार व शनिवार की मध्य रात करीब बारह बजे शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। आत्महत्या का कारण आपसी घरेलू कलह बताया जाता है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# रोटावेटर की चपेट में आकर किसान की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खेत में चल रहे ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर की चपेट में आने से एक किसान की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नरैचा गांव में शनिवार की सुबह लगभग नौ बजे किसान राजेंद्र पाल 45 वर्ष के खेत में किराए का ट्रैक्टर और उसमें लगा रोटावेटर चल रहा था। किसान राजेंद्र पटेल रोटावेटर चलते समय रोटावेटर में चढ़कर ट्रैक्टर में बैठने का प्रयास करने लगे तभी अनियंत्रित होकर रोटावेटर के सामने गिर पड़े और रोटावेटर के चपेट में आ गए। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हड़कंप मच गया। मौके पर भारी भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक राजेंद्र पाल काफी दिनों से अपने ससुराल में रह रहा था। वह खेत जोतने के लिए ट्रैक्टर रोटावेटर चलाने के लिए किराए पर लाया था तभी रोटावेटर चलते समय वह चपेट में आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )